हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 10.4 डिग्री



कोनी सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन सवार को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### नागरिक बैंक के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं दो उपाध्यक्षों का चुनाव 10 जनवरी को होगा। चुनाव प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू होगी। जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग ऑफिसर आर के गुप्ता करेंगे। इस चुनाव में अध्यक्ष के अलावा दो उपाध्यक्ष एवं अन्य सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का निर्वाचन होगा। सभी 10 संचालक निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इनमें से अध्यक्ष सहित अन्य का चुनाव होगा।

### एयू यूटीडी परीक्षा टाइम टेबल संशोधित

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के स्नातक बीकाम थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन किया गया है। यूनिवर्सिटी द्वारा संशोधित टाईम टेबल जारी किया गया है। यूनिवर्सिटी द्वारा जारी संशोधित परीक्षा टाइम टेबल अनुसार 16 जनवरी को कारपोरेट एकाउंटिंग, 19 जनवरी को कंपनी लॉ, 21 जनवरी को प्रिंसीपल्स ऑफ मैनेजमेंट, 23 जनवरी को ह्यूमन रिसर्च मैनेजमेंट, फायनेंशियल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, 27 जनवरी को एनवायरमेंट्स स्टडीज एवं फंडामेंटल ऑफ स्टॉक मार्केट विषय की परीक्षा होगी। यूनिवर्सिटी द्वारा सभी परीक्षार्थियों को संशोधित परीक्षा टाईम टेबल का यूनिवर्सिटी के वेबसाइट पर अवलोकन करने कहा गया है।

### सीबीएसई करेगा साइको-सोशल काउंसलिंग

**बिलासपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी निःशुल्क साइको-सोशल काउंसलिंग सेवा के पहले चरण की शुरुआत 6 जनवरी 2026 से कर दी है। यह सेवा 1 जून 2026 तक जारी रहेगी। सीबीएसई के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े तनाव, चिंता और भावनात्मक दबाव को कम करना है, छात्र और पालक सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक, छात्र और अभिभावक टेली-काउंसलिंग का लाभ उठा सकते हैं। इसमें 73 ट्रेंड एक्सपर्ट शामिल हैं, जिनमें सीबीएसई के स्कूलों के प्रिंसिपल, काउंसलर और स्पेशल एजुकेटर, प्रोफेशनल साइकोलॉजिस्ट भारत के अलावा नेपाल, जापान, कतर, ओमान और यूएई में कार्यरत काउंसलर भी इस सेवा से जुड़े हैं।

### कलेक्टोरेट के सामने लगा लंबा जाम



**बिलासपुर।** वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग में रखवाने वाला अमला अनुपस्थित होने के कारण कलेक्टोरेट के ठीक सामने शुक्रवार को लंबा जाम लग गया। दुपहिया-चारपहिया वाहनों की कतार इतनी लंबी हो गई थी कि वाहनों की लाईन जिला कोर्ट के सामने से लेकर स्टेट बैंक तक पहुंच गई थी। पुलिस वाहन द्वारा करीब बीस मिनट बाद जाम हटाया गया। जिले के सारे प्रमुख बड़े कार्यालय एक ही स्थान पर होने के कारण कलेक्टोरेट के सामने लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। इसे रोकने के लिए प्रशासन द्वारा निगम के अतिक्रमण अमले को सामने तैनात किया गया है, जो वाहनों को सड़क के किनारे खड़ी करने से न केवल रोकते हैं, बल्कि चालानी कार्रवाई भी करते हैं। शुक्रवार को शहर के सरकंडा क्षेत्र में अतिक्रमण दस्ते के द्वारा कार्रवाई किए जाने के कारण उक्त दस्ता कलेक्टोरेट के सामने मौजूद नहीं था।

# करोड़ों का घोटाला हो सकता है, लेकिन बच्चों के लिए पैसा नहीं, डीएमएफ से फंड का हवाला देकर चार जिलों के 16 स्कूल कर दिए गए बंद

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) की राशि में करोड़ों का घोटाला और गड़बड़ी हो सकती है। बिना जरूरत भी दूसरे कामों में इसे खर्च किया जा सकता है लेकिन जब बात शिक्षा और बच्चों की हो तो इसकी कमी पड़ जाती है। यही हाल आत्मानंद स्कूलों का है। हाल यह है कि डीएमएफ फंड का आबंटन नहीं होने और कमी के कारण चार जिलों के 16 आत्मानंद स्कूलों में संचालित नर्सरी की कक्षाएं बंद कर दी गईं हैं। इसमें बिलासपुर के साथ ही बालोद, राजनांदगांव और बेमेतरा जिला शामिल है।इनमें कार्यरत 25 शिक्षकों और 20 से अधिक स्टाफ को नौकरी से बाहर कर दिया है। इसके साथ ही 4 हजार से अधिक छात्रों के भविष्य पर भी सवाल खड़ा हो गया है। साथ ही इन शिक्षकों और स्टाफ के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है।

- बिलासपुर, बालोद, राजनांदगांव और बेमेतरा में संचालित आत्मानंद स्कूलों में नर्सरी कक्षाएं बंद
- 25 शिक्षक और 20 से अधिक स्टाफ नौकरी से बाहर, 4 हजार से छात्रों के भविष्य पर सवाल

गौरतलब है कि प्रदेश में 751 आत्मानंद स्कूल हैं। इसमें पौने चार सौ स्कूल हिंदी माध्यम और शेष अंग्रेजी वाले हैं। इसमें से कई स्कूल को पीएमश्री का दर्जा मिला है। बिलासपुर की बात की जाए तो यहां 34 आत्मानंद स्कूल हैं। इसमें से 12 पीएमश्री स्कूल हैं। इन स्कूलों को एनुअल फंक्शन के लिए डेढ़ लाख रुपए मिला है लेकिन शेष स्कूलों में कोई फंड नहीं दिया गया है।

### शिक्षकों ने लगाई गुहार कहां जाएंगे

स्कूलों से बाहर किए गए शिक्षकों और स्टाफ ने एक तरह से गुहार लगाई है और कहा है कि बीच सत्र में नौकरी से निकालना सही नहीं है। इनका कहना है कि फंड का हवाला देकर बीच शिक्षा सत्र में नर्सरी कक्षाओं को बंद करना गलत है। अब बच्चों को बिना परीक्षा दूसरे स्कूलों में प्रवेश नहीं मिलेगा। वहीं सेजेस स्कूल में पढ़ाने वाले अधिकांश पालक गरीब और मध्यम वर्ग हैं। उनके लिए प्राइवेट स्कूलों का भारी-भरकम फीस देना भी संभव नहीं है। इसकी चिंता किए बिना एकाएक नर्सरी कक्षा को बंद करने का निर्णय लिया गया।

### चाक- डस्टर तक के पैसे नहीं मिल रहे

प्रदेश भर के आत्मानंद स्कूल मौजूदा शैक्षणिक सत्र में भी गंभीर बजट संकट से गुजर रहे हैं। दो साल पहले सरकार हरेक स्कूल को 5 लाख रुपए तक देती थी, अब इन्हें 80 हजार रुपए ही मिल रहा है। फंड की इस कमी का सीधा असर स्कूलों की नियमित गतिविधियों और सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों पर पड़ा है। बच्चों को ना स्कूल ड्रेस मिल रहा है और ना ही स्कूलों में सफाई हो पा रही है। चाक डस्टर तक के पैसे स्कूलों के पास नहीं है। कई स्कूलों में वार्षिकोत्सव और दूसरे समारोह भी इसी कारण स्थगित करने पड़ गए।

### बच्चों की संख्या बढ़ी, स्कूल हो रहे बंद

इन स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि फंड की कमी का हवाला देकर शिक्षा व्यवस्था को ठप किया जा रहा है, जबकि स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। इधर शिक्षा विभाग का कहना है कि शासन ने आकस्मिक व्यय निधि के रूप में जो राशि दी है, वह साफ-सफाई, स्टेशनरी, परीक्षा संबंधी खर्च और भवन के छोटे-मोटे रखरखाव के लिए ही पूरी नहीं है। बिजली का बिल भी बकाया है। इसलिए फंड के अभाव में इन शिक्षकों और कर्मचारियों की सैलरी का भुगतान संभव नहीं है, इसलिए उनकी सेवाएं समाप्त की जा रही हैं।

### शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा

नई गाइडलाइन के अनुसार प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र अब खनन क्षेत्र से 15 किलोमीटर के दायरे में होगा। अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र के लिए 25 किलोमीटर की सीमा निर्धारित की गई है। यह सीमा संबंधित जिले या निकटवर्ती जिले के भीतर भी लागू होगी। इसके दायरे में बिलासपुर जिला नहीं आता है इसलिए ही डीएमएफ से फंड जारी नहीं किया जा रहा है। बच्चों को पास के स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा तो शिक्षकों को राहत मिले, इसके लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**- संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### डीएमएफ से फंड नहीं चार स्कूल बंद




जिले की बात करें को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को डीएमएफ फंड से राशि मिलनी बंद हो गई है। इसी कारण सरकारी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, लाला लाजपतराय, तिलक नगर, लाल बहादुर और तारबाहर स्कूलों में संचालित नर्सरी की कक्षाएं बंद कर दी गईं हैं। गौरतलब है कि जिले के 34 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में सिर्फ 4 स्कूलों में नर्सरी कक्षाएं चल रही है जो शहर में स्थित है। उक्त सभी स्कूलों में वर्तमान में छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए छह शिक्षिकाएं पदस्थ हैं। दो पद रिक्त है। इसके बाद भी डीएमएफ से सिर्फ छह शिक्षकों को वेतन जारी करने फंड नहीं है। इसके कारण नर्सरी कक्षाओं को बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

## 140 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी कार

# तेज रफ्तार कार हाइवा से टकराई, दो की मौत

नशे में थे युवक और युवती







**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार साइड छोड़कर हाइवा से जा टकराई। हादसे में 3 युवक और 1 युवती बुरी तरह से घायल हो गए, इलाज के दौरान युवती और एक युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि युवती सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्रा और सभी पब से निकले थे और नशे के हालत में कार चला रहे थे। मृत युवक एमसीए की पढ़ाई कर चुका था।

गुरुवार की दरमियानी रात सरकंडा नूतन चौक में हुए दर्दनाक हादसे में युवक और युवती की मौत हो चुकी है। वहीं दो अन्य मौत से लड़ाई लड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कार में नीरज द्विवेदी, अंशु चंद्रा, आनंद चंद्रा और हिमांशु राठौर सवार थे, जबकि कार नीरज चला रहा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो फुटेज में स्पष्ट है कि कार की स्पीड 140 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार में थी। वहीं स्पीड के कारण अपनी लेन छोड़ कर दूसरे लेन में चली गई। अचानक हाइवा आने के कारण कार कंट्रोल नहीं हो सकी और हादसा हो गया है। हादसा इतना भंयकर था कि टाटा कंपनी की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और लोगों ने पुलिस को सूचित किया था। कार के दरवाजे में युवती अंशु फंस गई थीं। जिसका दूसरी कार से टोचन कर दरवाजा निकाला गया। लड़की व 3 घायल युवकों को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने अंशु चंद्रा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो घायलों का इलाज जारी था। शुक्रवार इलाज के दौरान घायल हिमांशु राठौर ने भी दम तोड़ दिया। जबकि एक का इलाज अभी भी जारी है। कार चालक युवक नीरज द्विवेदी को सरकंडा पुलिस ने हिरासत में लिया है। दुर्घटनाकारित करने वाला हाइवा चालक फिलहाल फरार है। वहीं घायल आनंद चंद्रा को सिम्स के बाद अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।

### नशे में रील्स बना रहे थे

हादसे के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों से के अनुसार कार सवार युवक–युवती नशे की हालत में थे। उनकी कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि सीपत चौक से अशोकनगर चौक जाने के दौरान नूतन चौक में पहले पुलिस के स्टाफर को कार ने ठोका फिर नशे और तेज रफ्तार के चलते कार अनियंत्रित हो गई। रॉन्ग साइड से आ रही हाइवा के सामने तिरछी होकर आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में शराब की बोतलें थीं। कुछ लोगों ने बताया कि नशे के हालत में रील्स बना रहे थे।



नूतन चौक पर ओवरटेक के समय हुआ हादसा

हाइवा ने कार को मारी टक्कर चार गंभीर, सीट में फंसी युवती

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### जांजगीर की रहने वाली है अंशु

पुलिस के अनुसार मृतका अंशु चंद्रा पिता नंद कुमार चंद्रा 24 साल जांजगीर जिले के बम्हनीडीह थाना के लखाली गांव की रहने वाली है। वह सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एमएससी की छात्रा थी और अशोकनगर में पीजी में रहती थीं। हादसे में बुरी तरह से घायल हो चुके हिमांशु राठौर की मौत हो चुकी है। वह जांजगीर जिले के चांपा तहसील रोड का निवासी था।

### श्रीराम फाइनेंस में काम करता है नीरज

हादसे में कार चलाने वाला नीरज द्विवेदी जांजगीर का रहने वाला है और श्रीराम फाइनेंस में काम करता है। दुर्घटना में घायल युवक आनंद चंद्रा का दोस्त हैं। वह आनंद से मिलने के लिए बिलासपुर आया था। उसके ठहरने के लिए मोपका क्षेत्र में होटल लिया था। चारों ने पार्टी मनाने का प्लान किया और लिंक रोड स्थित श्रीकांत वर्मा मार्ग एक पब में जाकर शराब पी और इसके बाद मोपका के होटल जाने का निश्चिय किया था।

### मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई

पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई थी। इस दौरान घायलों को निकाला गया, हादसे में एक युवक और युवती की मौत हो गई है। वहीं दूसरे का इलाज जारी है। मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

**- प्रदीप आर्य,** टीआई, सरकंडा थाना

## शहर के भीतर ही बेखौफ दौड़ रहे वाहन

# शहर के भीतर भारी वाहनों के रूप में दौड़ती मौत.. कब तक

**बिलासपुर।** शहर के भीतर ट्रैफिक का दबाव कम करने और सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखकर चारों दिशाओं में बाईपास सड़कें बनाई गईं हैं, इसके बाद भी शहर के भीतर दिन में भी भारी वाहन बेखौफ दौड़ाए जाते हैं। ये वाहन ट्रैफिक पुलिस की आंखों के सामने से लगातार गुजरते रहते हैं, उसके बाद भी किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है।

शहर के भीतर हाईवा, मेटाडोर, टैक्टर, जेसीबी व क्रेन जैसे भारी वाहनों की आवाजाही से छोटे वाहनचालकों का दुर्घटनाग्रस्त होकर मौत के मुंह में चले जाना शहर की यातायात व्यवस्था को चुनौती दे रहा है। शहर के भीतर गुरूवार की रात हुई दुर्घटना कुछ इसी तरह की है। शहर की सड़कों पर लोगों की रात बारह बजे तक भी आवाजाही बनी होती है, ऐसे में साढ़े ग्यारह बजे रात को हाईवा द्वारा शहर के व्यस्ततम मार्ग में कार सवार चार लोगों को टक्कर मारकर दो लोगों की जान ले लेना बहुत बड़ी घटना है।

- शहर पर ट्रैफिक का दबाव कम करने चारों ओर बनाए गए हैं बाईपास

शहर में फिलहाल किसी भी रेत घाट में रेत खनन को अधिकारिक स्वीकृति नहीं मिली है। इसके बाद भी पूरे दिन रेत से भरे ट्रैक्टरों की खुलेआम व हाईवा की चोरी-छिपे आवाजाही हो रही है। दिक्कत यह है कि इन वाहनों पर जिन अधिकारियों की नजर पड़नी चाहिए वे ही नजरअंदाज कर रहे हैं।



### खत्म हो चुका है भारी वाहन चालकों का डर

भारी वाहन चालकों में कानून का डर शायद समाप्त हो चुका है। विशेषकर तब जब वे रात में आवाजाही कर रहे हों। शहर के भीतर वाहन की गति क्या होनी चाहिए इस बात से चालकों को कोई सरोकार नहीं है। भारी वाहन चालक केवल अपनी गति पर ही वाहन चला रहे हैं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि अचानक सामने किसी छोटे चारपहिया-दुपहिया वाहन, व्यक्ति या जानवर के आ जाने के दौरान वाहन पर उनका नियंत्रण नहीं होता और भारी वाहन सीधे सामने वाले वाहनों पर चढ़ा दिए जा रहे हैं।

### केवल चालान भेजने के काम आ रहा स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम

शहर का ट्रैफिक सिस्टम अब पूरी तरह स्मार्ट हो चुका है। इतना स्मार्ट कि केवल कैमरे के सामने से गुजर जाने मात्र से ही नंबर के आधार पर वाहन की न केवल पूरी स्कैनिंग कर ली जा रही है, बल्कि इसी आधार पर संबंधित को उनके मोबाईल नंबरों पर तत्काल चालान भी भेज दिए जा रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम केवल चालान भेजने तक ही सीमित रह गए हैं। शहर की सड़कों पर गैर निर्धारित समय पर दिखने वाले या ओवरलोड भारी वाहनों की स्कैनिंग कर उन्हें तत्काल पकड़कर थाने में क्यों नहीं खड़ा किया जाता? ऐसा होने की स्थिति में भारी वाहन मालिकों में जागरूकता आ सकेगी, जिससे वे अपने वाहन चालकों को कंट्रोल कर सकेंगे।



### हर दिशा के लिए बनाए गए बाईपास

मस्तूरी की ओर से रायपुर जाने के लिए दर्रीघाट से ही बाईपास बना दी गई है। इसी तरह सीपत मार्ग पर जाना हो तो तोरवा पुल होते हुए मोपका से सीपत व कोरबा जाया जा सकता है। रतनपुर की ओर से सीपत या मस्तूरी की ओर जाना हो तो कोनी-मोपका व लगरा-जयरामनगर-मस्तूरी बाईपास पर आवागमन किया जा सकता है। तखतपुर की ओर से आने पर रायपुर जाने के लिए सकरी-पेंड्रीडीह बाईपास होते हुए रायपुर जाया जा सकता है। इसी तरह सकरी से तुर्काडीह पुल होते हुए रतनपुर-कोरबा की सड़क पकड़ी जा सकती है। शहर में बाईपास इतने बना दिए गए हैं कि भीतर आने की जरूरत ही नहीं है। इसके बाद भी भारी वाहनों में दुर्घटनाग्रस्त होकर जान गवां देना दुर्भाग्यजनक ही है।

### सभी वाहनों की जांच होगी

नगर निगम क्षेत्र में चल रहे कार्यों के लिए निर्माण सामग्री लाने वाले वाहनों एवं धान लदे वाहनों को ही स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सारे वाहनों की सघन जांच होनी है।

**– रामगोपाल करिहारे**
एडिशनल एसपी, ट्रैफिक

## मामले का चौथा आरोपी अभी भी फरार

# एटीआर में फायरिंग : दो डिप्टी रेंजरों पर कार्रवाई, रेंजर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एटीआर के सुरही रेंज में एयरगन लेकर अंदर प्रवेश कर फायरिंग करने वाले चार आरोपियों में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं चौथा आरोपी अभी भी फरार है। इस मामले में प्रबंधन ने दो डिप्टी रेंजर पर कार्रवाई करने के साथ रेंजर को नोटिस जारी किया है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित जोन से लगे क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर हथियार लहराने के मामले में तत्काल प्रभाव से संबंधित बैरियर गार्ड को कार्य से पृथक कर दिया और संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 27, 29, 38, 39, 50 एवं 51 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए चार में से तीन आरोपी राजाबाड़ी लोरमी निवासी अजीतदास वैष्णव, पिता स्व.रामकुमार दास वैष्णव 26 वर्ष, तुमड़ीबोड़ राजनादगांव निवासी विकांत वैष्णव पिता विजय दास वैष्णव 36 वर्ष और मुंगेली रोड लोरमी निवासी अनिकेत मौर्य पिता सुनील मौर्य 27 वर्ष गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें 14 दिवस की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इन आरोपियों में अब तक एक आरोपी फरार घोषित किया जा चुका है। सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हुआ है, उस वीडियो में चार आरोपी दिखाई दे रहे हैं। इनमें जैसे ही युवक सुरही रेंज के गेट पर पहुंचते हैं, बैरियर गार्ड गेट खोल देता है। नियमों पर गौर करें तो कोई भी अंजान व्यक्ति भीतर एंट्री नहीं कर सकता। एयरगन लिए बेखौफ अंदर घुसे और फायरिंग भी की है। इसमें जिम्मेदार अफसरों को इसकी भनक नहीं लगी। इसके अलावा वीडियो में रायफल के साथ युवक, जंगल की ओर राइफल तानकर निशाना साधने, बैरियर उठाने, आग जलाने, रात होने के बाद फायरिंग और आसमान की ओर रायफल से एक के बाद एक कई बार फायरिंग भी साफ दिखाई दे रही है। 27 दिसम्बर की घटना के बाद तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन एक आरोपी अभी भी फरार है। यह आरोपी भाजपा नेता का बेटा है, जिसकी जानकारी प्रबंधन को भी लग गई है। इसके बाद भी फरार आरोपी की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबंधन ने दो डिप्टी रेंजर पर कार्रवाई करने के अलावा रेंजर को भी नोटिस जारी करने के साथ फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।



एटीआर के कोर जोन में हथियार लहराकर अंधाधुंध फायरिंग, तीन गिरफ्तार

वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आया एटीआर प्रबंधन

एटीआर कोर जोन के दो रास्ते..एक ओर सुरक्षा और दूसरी ओर केवल चौकीदार

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### अधिकारियों पर भड़के जनप्रतिनिधि

एटीआर के सुरही रेंज में हुए घटना के बाद तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने वाइल्ड लाइफ पीसीसीएफ अरूण कुमार पाण्डेय, सीसीएफ अभिषेक सिंह, एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश को निर्देश दिया कि पिछली सीमा से लगे खुड़िया, बारापानी, मजुरहा, जमनाही और जाकड़बांध क्षेत्र में विशेष निगरानी की जाए। जंगल में बिना अनुमति हथियार लेकर अनावश्यक रूप से घूमने वाले लोगों पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि इन इलाकों पर जाकर स्थानीय स्तर पर बैठक लेने के अलावा पेट्रोलिंग कराई जाए, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोक सकें। वे स्वयं पूरे मामले की दोबारा समीक्षा कर अधिकारियों के साथ बैठकर खामियों को दूर करने का प्रयास करेंगे।

### की गई है कार्रवाई

सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद विभाग ने पूरी गंभीरता से कदम उठाया है। इसमें लापरवाही बरतने वाले गेटमैन को बर्खास्त करने के साथ दो डिप्टी रेंजर पर कार्रवाई और रेंजर को नोटिस जारी किया गया है। आने वाले समय में संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग और तेज करने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

**- अरूण कुमार पाण्डेय**
पीसीसीएफ, वाइल्ड लाइफ

## खबर संक्षेप

### कबीर अनुयायियों ने की 23 को शराब मांस विक्रय पर रोक लगाने की मांग



**बिलासपुर।** कबीर पंथ समाज द्वारा 23 जनवरी को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में कबीर पंथ परंपरा के 16 वें वंश प्रतापाचार्य पंथ उदितमुनी नाम साहेब का विधिवत चादर तिलक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के लोगों कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस दिन जिले के सभी शराब दुकान और मांस विक्रय पर रोक लगाने की मांग की है। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि इस दिन कबीर पंथी अनुयायियों कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में एकत्रित होंगे। ऐसी स्थिति में इस दिन को अहिंसा दिवस अथवा शांति दिवस के रूप में मनाया जाना जनहित एवं सामाजिक सद्भाव की दृष्टि से अत्यंत उचित होगा। कबीर पंथ के अनुयायियों ने इस दौरान कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिले के सभी शराब दुकान एवं मांस विक्रय पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मुख्य प्रतिनिधि थानूराम साहू, राजकुमारी मानिकपुरी, गणेश प्रसाद , प्रीति मानिकपुरी, राकेश मानिकपुरी, चमरूदास मानिकपुरी आदि शामिल थे।

### स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ ने 12 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ ने शुक्रवार को निगम के विकास भवन का घेराव करते हुए 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। दैनिक वेतन कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका प्रथा के नाम पर हो रहे पैसे के दूरपयोग पर रोक लगाते हुए ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो और वाहन चालको को कलेक्टर दर पे भुगतान करने, भविष्य निधि आयुक्त के निर्देश का पालन करते हुए निकायों के स्वच्छता दीदीयों का भविष्य निधि खाते में जमा करा ई.एस.आई.सी. का लाभ देने, मध्यप्रदेश की भांति छ०म० के नगरीय निकायों को भी प्रतिव्यक्ति 105/- रूपए की दर से चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करने, नगरीय निकायों में कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु स्थाई व्यवस्था बना निर्धारित तिथि पर भुगतान की व्यवस्था बनाने, अन्य विभागो की तरह निकायों में भी ओल्ड पेंशन योजना लागू करने, नगरीय निकाय के कर्मचारियों को छठवे व सातवे वेतनमान की एरियर्स राशि भुगतान स्वीकृत करने, नगरीय निकाय कर्मियों के इलाज के लिए कैशलेश की सुविधा लागू करने, नवीन सेटअप स्वीकृत कर नगरीय निकाय के अधिकारियो कर्मचारियो को पदोन्नति का लाभ दिलाने, निकायों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर, लाईनमैन, वाहन चालक, पंप अटैंडेन्ट, सफाई दरोगा, सफाई कामगार एंव प्लंबर को पदोन्नत कर नवीन पद स्वीकृत करा पदोन्नति का लाभ दिलाने और नगरीय निकाय कर्मचारियों के आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली को निरस्त करने कर्मचारी हित में मांग की है।

### भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी के तिवारी बने महामंत्री

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पाटी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा



छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की घोषणा की गई है। इसमें बबलू खेलावन शर्मा, गुन्ना लाल चौधरी, अनिल अग्रवाल, मुनेश्वर चन्द्राकर, यशवर्धन वर्मा, मनीषा चन्द्राकर उपाध्यक्ष चुनी गईं। राकेश तिवारी और ओमप्रकाश देवांगन महामंत्री चुने गए। इसके अलावा संपूर्णानंद मिश्रा, सोयम मुक्का, मूलबंद लोधी, रत्तू राम गुप्ता, प्रशांत ठाकुर, राजेश साहू, देवेन्द्र कुमार (देवभोग) को मंत्री बनाया गया है। इसी तरह सुमित प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष, विनय साहू , मोतीलाल (मोन्टी), अमित अग्रवाल सह-कोषाध्यक्ष बनाए गए। रविश गुप्ता कार्यालय मंत्री, नवीन कालिया, पवन अग्रवाल सह-कार्यालय मंत्री बनाए गए। स्मृति जैन प्रचार प्रसार मंत्री, गौतम सोनकर, नरोत्तम चौहान, सुश्री उषा वैष्णव प्रचार प्रसार सह-मंत्री, विलास सुतार, गोबिंद साहू और सूरज शर्मा को सत्कार सह-प्रभारी बनाया गया है।

### दायित्व एक नया युग संस्था ने बच्चों का रक्त वर्ग परीक्षण किया



**बिलासपुर।** शुक्रवार को दायित्व एक नया युग नामक समाजसेवी संस्था ने सरस्वती शिशु मंदिर घुरू में बच्चों के रक्त की सैंपल लेकर बच्चों का रक्त वर्ग की जानकारी और सर्टिफिकेट प्रदान की। जिसे उपस्थित सभी माताओं के चेहरे पर एक प्रकार की खुशी की लहर दौड़ गई। सभी पालकों ने इस कार्यक्रम के लिए क्लब के संस्थापक एकता मलिक, डा. बरखा सिंह, आशीर्वाद ब्लड बैंक के केशव बंसल और उनके सहयोगी रोशनी एवं समाजसेवी परमिदर सिंह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेश कुमार सूर्यवंशी, मंजू कश्यप, उर्मिला सूर्यवंशी, अनुराधा केनार, अंकिता सूर्यवंशी के साथ कुल 25 माताओं की उपस्थिति रही। आभार व्यक्त चंद्रप्रकाश सूर्यवंशी ने किया।

### अमरनाथ शाह की पुण्यतिथि पर जरुरतमंदों को कंबल वितरण

**बिलासपुर।** स्वर्गीय अमरनाथ शाह की 101 पुण्यतिथि पर समाज सेवी अमरनाथ शाह आशीर्वाद शाह धर्मादा सेवा ट्रस्ट द्वारा जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया। यह सेवा कार्य गोल बाजार, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, जूना बिलासपुर एवं बिलासपुर के विभिन्न चौक चौराहे सड़कों के किनारों में किया गया। इस सेवा कार्य में धीरेन्द्र गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता, किशोरी शरण गुप्ता, निशा गुप्ता, रिशेष गुप्ता विशेष गुप्ता, दीपा गुप्ता, सुजाता गुप्ता, बिंदुबाला गुप्ता, अजय गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, गोपाल गुप्ता भोला गुप्ता, रामकुमारी गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

---

एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी के सामने कुलपति का पुतला फूंका, राष्ट्रपति के नाम चक्रवाल को हटाने ज्ञापन सौंपा

# सीयू के कुलपति चक्रवाल के खिलाफ छात्र संगठन समेत साहित्यकार व नागरिक मंच ने खोला मोर्चा



कलेक्टोरेट में अफसर को ज्ञापन सौंपते साहित्यकार।



कुलपति का पुतला दहन करते छात्र संघ के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवसिटी में राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में हिन्दी साहित्यकार कथाकार मनोज रूपड़ा को अपमानित कर बाहर निकाले जाने के मामले को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई समेत नागरिक मंच व साहित्यकार सामने आ गए हैं।

एनएसयूआई ने शुक्रवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी मेनगेट सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए कुलपति का पुतला फूंका, वहीं नागरिक मंच और साहित्यकारों ने जिला प्रशासन को कुलाधिपति राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रो. आलोक चक्रवाल को कुलपति पद से हटाए जाने की मांग की है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में साहित्य अकादमी नई दिल्ली एवं हिन्दी विभाग गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में समकालीन हिन्दी कहानी बदलते जीवन संदर्भ पर राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा साहित्यकार कथाकार मनोज रुपड़ा को अपमानित करते हुए कार्यक्रम से बाहर निकाले जाने का मामला काफी तूल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस के विधायक अटल श्रीवास्तव ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कुलपति को हटाने और उनके खिलाफ जांच की मांग की है। वहीं शुक्रवार को एनएसयूआई ने गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी मेनगेट के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल का पुतला दहन किया। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने बताया कि यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम दौरान कुलपति द्वारा असहमति व्यक्त करने पर एक वरिष्ठ साहित्यकार को सार्वजनिक रूप से अपमानित कर कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया गया।

यह आचरण न केवल यूनिवर्सिटी की गरिमा के खिलाफ है बल्कि भारतीय संस्कृति की अतिथि देवो भवः परंपरा का भी घोर उल्लंघन है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कुलपति के कार्यकाल में यूनिवर्सिटी में लगातार शैक्षणिक अराजकता, प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं। छात्रों की सुरक्षा में चूक, फीस में निरंतर वृद्धि, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितता और छात्र अर्सलान अंसारी की मृत्यु जैसे प्रकरणों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि साहित्यकार का अपमान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे साहित्य और बौद्धिक समाज का अपमान है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने राष्ट्रपति से मुलपति को तत्काल पद से हटाने और पूरे मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

इस विरोध प्रदर्शन पुतला दहन में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा, सुमित सूर्यवंशी, ऋषि पटेल, प्रदेश संयोजक फरहान खान, कुणाल मेंढ़े, आदित्य भोई, आशीष भारद्वाज, मैक्स यादव, गोलू मधुकर, आदेश यादव आदि शामिल थे।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

इस मामले में बिलासपुर के साहित्यकार, लेखकों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिला प्रशासन को कुलाधिपति राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समकालीन हिन्दी विषय पर आयोजित परिसंवाद कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि कथालेखक मनोज रूपड़ा को कुलपति आलोक चक्रवाल द्वारा कार्यक्रम से अपमानपूर्वक चले जाने को कहा गया। आमंत्रित अतिथि को आयोजक द्वारा अपमानित किए जाने की घटना से देश के समूचे लेखकों और साहित्यकार संस्कृतिकर्मियों में रोष व्याप्त है। गुरु घासीदास जैसे शैक्षणिक संस्थान में अमर्यादित असंसदीय व्यवहार करने से कुलपति पद की गरिमा धूमिल हुई है। इसलिए राष्ट्रपति घटना का संज्ञान लेते कुलपति को बर्खास्त किए जाने की अनुशंसा करें। एडीशन कलेक्टर एसएस दुबे को ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश्वर सक्सेना, जानकीवल्लभ, नंद कश्यप, द्वारिकाप्रसाद, कपूर वासनिक, मधुकर गोरख, नंद कुमार, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, आयुषी रूपड़ा, राजकुमार अग्रवाल, रामकुमार तिवारी, किशन चन्द्र आदि शामिल रहे।

### नागरिक मंच ने की भर्त्सना

नागरिक मंच बिलासपुर से जुड़े लोगों ने आज कलेक्टोरेट पहुंचकर कुलपति आलोक चक्रवाल के अमर्यादित आचरण की निंदा करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि साहित्य अकादमी तथा गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एकदिवसीय परिसंवाद में आमंत्रित साहित्यकार मनोज रूपड़ा के साथ अत्यंत निंदनीय व्यवहार करते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल से बाहर कर दिया। यह कृत्य अक्षम्य है एवं बिलासपुर की परंपरा पर प्रहार है। हम सब नागरिक कुलपति के इस कृत्य की भर्त्सना करते हैं और उन्हें पद से मुक्त करने की मांग करते हैं।

---

## कोपरा जलाशय को रामसर स्थल बनाने पर मना उत्सव



**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि कोपरा जलाशय जल संग्रहण का स्रोत नहीं है, बल्कि जैव विविधता का जीवंत केन्द्र भी है। यहां पाए जाने वाले प्रवासी पक्षी पर्यावरण संतुलन के प्रहरी हैं, जो कीट नियंत्रण, बीज प्रसार और प्राकृतिक शुद्धिकरण में अहम भूमिका निभाते हैं।

शुक्रवार को बिलासपुर वन मंडल के कोपरा जलाशय में बर्ड वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से पॉन्ड मैन आफ इंडिया एवं बर्ड मैन आफ इंडिया के रामवीर तनवार विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जनसंपर्क के समय ही उन्हें कोपरा जलाशय की अद्वितीय जैव-विविधता और अंतरराष्ट्रीय महत्व का अनुभव हुआ था। उसी समय यह संकल्प लिया कि इस प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित कर वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी। जनता के आशीर्वाद से सांसद बनने के बाद उन्होंने इस दिशा में निरंतर प्रयास किए, जिनका प्रतिफल पूरे छत्तीसगढ़ को मिला है। कोपरा जलाशय को रामसर स्थल का दर्जा दिलाने हेतु उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से कई बार मुलाकात कर इस विषय को प्राथमिकता से रखा। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी अरूण पाण्डेय, मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर मनोज कमार पाण्डेय, वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर धर्मजीत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत कर जानकारी दी कि वर्ष 2002 में स्मृति वाटिका का निर्माण किया गया था, जो करीब 50 एकड़ के क्षेत्र में है। यह बहुत ही अच्छा जंगल है, जहां सभी वृक्ष सुरक्षित हैं। यहां आम व्यक्ति नहीं आ सकते हैं। इसके लिए चर्चा की गई है कि स्मृति वाटिका को विकसित किया जाए।

■ स्मृति वाटिका का भी किया गया निरीक्षण

### मेंटनेंस में काफी समय लगेगा

कोपरा जलाशय के साथ सारे जनप्रतिनिधियों ने स्मृति वाटिका का निरीक्षण किया है। सभी ने वाटिका को एक अच्छे ढंग से डेवलप करने का आदेश दिया है, ताकि यहां भी सैलानी भ्रमण के लिए पहुंच सके। स्मृति वाटिका का जंगल काफी बड़े एरिया में फैला हुआ है। इसके मेंटनेंस में काफी समय लग सकता है, जिसमें झरने, सैलानियों के बैठने के लिए स्थान व अन्य कार्य करने का कार्य शामिल है। इसे अगले साल तक एक अच्छी प्लानिंग के साथ पूरा किया जाएगा।

**-अरूण पाण्डेय**, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ

---

## निर्णय केवल विधिक विवेचना तक सीमित नहीं रहें, बल्कि उनमें न्याय की मानवीय समझ भी परिलक्षित होती रही: चीफ जस्टिस

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जस्टिस दीपक कुमार तिवारी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जस्टिस श्री तिवारी 10 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। कार्यक्रम चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के न्यायालय कक्ष में दोपहर तीन बजे आयोजित किया गया।

इस अवसर पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जस्टिस दीपक कुमार तिवारी के समग्र जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि उनके विधिक ज्ञान, निष्पक्षता एवं प्रशासनिक दक्षता सराहनीय रही है। चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने जस्टिस श्री तिवारी के योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके भावी जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। चीफ जस्टिस ने कहा कि जस्टिस दीपक कुमार तिवारी



अपने कार्यकाल के दौरान स्पष्टता, संतुलित दृष्टिकोण तथा विधि के शासन के प्रति सम्मान के लिए प्रसिद्ध रहे। विदाई कार्यक्रम के दौरान महाधिवक्ता, प्रशासक उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, उप-सॉलिसिटर जनरल, वरिष्ठ अधिवक्तागण, अधिवक्तागण, प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री, न्यायिक अकादमी, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासन एवं पुलिस अधिकारीगण, उच्च न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

■ जस्टिस दीपक कुमार तिवारी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन

### विभिन्न न्यायिक पदों पर कार्य किया जस्टिस तिवारी ने

जस्टिस दीपक कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में ईश्वर, हाईकोर्ट के सभी जस्टिस, परिवार, न्यायिक अधिकारीगण, सहयोगियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उल्लेखनीय है कि जस्टिस दीपक कुमार तिवारी का जन्म 11 जनवरी, 1964 को जगदलपुर में हुआ। उन्होंने रायपुर से बी.कॉम., एल.एल.बी. एवं एल.एल.एम. की उपाधि प्राप्त की तथा वर्ष 1987 में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से संवैधानिक विधि में एल.एल.एम. करने वाले प्रथम छात्र रहे। वर्ष 1990 में उन्होंने व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-II के रूप में न्यायिक सेवा प्रारंभ की। श्री तिवारी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार जनरल सहित विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया। 8 अक्टूबर, 2021 को वे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त हुए तथा 31 जुलाई, 2023 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया।

---

## चौकसे कॉलेजेस में तकनीकी कौशल और कला का दिखा अद्भुत संगम

**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के लिए रजत जयंती वर्ष के दूसरे और तीसरे दिन विभिन्न तकनीकी और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बिलासपुर के अलावा अन्य जिलों के छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।

प्रमुख तकनीकी प्रतियोगिताएं और गेमिंग चुनौतियों में विद्यार्थियों ने अपनी गेमिंग, कोडिंग और रोबोटिक्स स्किल्स का प्रदर्शन किया।

गेमिंग जोन इस बार 'गमेर्ज हेल ब्लर' और 'फ्री-फायर' जैसी प्रतियोगिताओं ने युवाओं को आकर्षित किया। गेमर्स के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। ब्लर द कार रेसिंग में पृथु सिंह ने प्रथम और यश विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, फ्री फायर सोलो प्रतियोगिता में आयुष साहू ने प्रथम तथा आकाश टंडन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । वही फ्री फायर ग्रुप प्रतियोगिता में एआई स्मोकी ग्रुप ने प्रथम तथा टीम परम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एल्गो वार जटिल एल्गोरिदम को हल करने की कोडिंग प्रतियोगिता मे बिलासपुर के गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रह्लाद यादव आईटी विभाग



एजुकेशन प्लस

ने प्रथम तथा सौम्य गुप्ता एआईडीएस चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने द्वितीय स्था प्राप्त किया। सूमो-बोट में ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के प्रथम तथा सौम्य गुप्ता एआईडीएस चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने द्वितीय रहे।

सूमो बोट में ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के चन्द्रशेखर जायसवाल, अंकित साहू और सौरभ शुक्ला प्रथम रहे। मोहम्मद जुनैद अख्तर अंसारी, लोकेश भास्कर, अमन रजक द्वितीय रहे। वहीं रोबो-सॉकर में आयुष पटेल, जितेश गुप्ता, यश चंद्रा चौकसे कॉलेज ने प्रथम तथा ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के चन्द्रशेखर जायसवाल, अंकित साहू और यश बर्मा ने द्वितीय रहे। लाइव प्रोजेक्ट डिस्प्ले में निखिल दुबे, चन्द्रबहन महतो, प्रिंस ठाकुर ने अपने प्रोजेक्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम के साथ प्रथम स्थान तथा सूर्याश दुबे और अदिबा अली अपने प्रोजेक्ट आटोमेटिक हाई बीम एंड लो बीम मैकेनिज्म इन वेहिकल प्रोजेक्ट के साथ द्वितीय रहे। 'मॉक कोर्ट' प्रतियोगिता में समान्त पंडा और टीम प्रथम तथा महिम मोहम्मद एवं टीम द्वितीय रही। माहविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल ने कहा की आज जब हम अपने संस्थान के 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं, तो यह केवल एक उत्सव नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारे छात्रों में न केवल तकनीकी कौशल है, बल्कि वे भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए भी तैयार हैं।

---

'वनमाली सृजन पीठ' के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष चौबे ने राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मानों की घोषणा की

# सीवीआरयू में तीन दिवसीय वनमाली राष्ट्रीय कथा सम्मान 24 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सुप्रतिष्ठित कथाकार, शिक्षाविद् तथा विचारक जगन्नाथ प्रसाद चौबे 'वनमाली' के रचनात्मक योगदान और स्मृति को समर्पित संस्थान 'वनमाली सृजन पीठ' के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ कवि- कथाकार संतोष चौबे ने विश्व हिंदी दिवस पर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मानों की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इस बार 8 अलग-अलग श्रेणियों में रचनाकारों को वनमाली कथा सम्मानों से अलंकृत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 'विश्व रंग' के अंतर्गत वनमाली सृजन पीठ, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय एवं आईसेक्ट पब्लिकेशन द्वारा 24, 25 एवं 26 फरवरी को रवीन्द्र भवन, भोपाल और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय 'वनमाली कथा सम्मान समारोह' में सभी चयनित रचनाकारों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ लेखिका प्रतिभा राय होंगी।



### सम्मानित रचनाकार

'वनमाली कथाशीर्ष सम्मान' से सुप्रसिद्ध रचनाकार मृदुला गर्ग को एवं 'वनमाली राष्ट्रीय कथा सम्मान' से वरिष्ठ कथाकार अलका सरावगी को सम्मानित किया जाएगा। दोनों ही रचनाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं एक-एक लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान कर अलंकृत किया जाएगा। 'वनमाली कथा मध्यप्रदेश सम्मान' वरिष्ठ कथाकार उर्मिला शिरीष (भोपाल) को, 'वनमाली युवा कथा सम्मान' युवा कथाकार कुणाल सिंह को, 'वनमाली कथा आलोचना सम्मान' महेश दर्पण को, 'वनमाली कथेतर सम्मान' अयोध्या के यतीन्द्र मिश्र को दिया जाएगा। उल्लेखनीय हैं कि वनमाली सृजन पीठ ने इस बार से कथा अनुवाद और डिजिटल साहित्य अवदान को भी प्रमुखता से सम्मिलित किया है। पहला 'वनमाली कथा अनुवाद सम्मान' जितेन्द्र भाटिया को एवं पहला 'वनमाली डिजिटल साहित्य अवदान सम्मान' अंजूम शर्मा को दिया जाएगा। इन सभी रचनाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं 51-51 हजार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। वनमाली सृजन पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ कवि कथाकार, डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि 'विश्व रंग' के अंतर्गत वनमाली सृजन पीठ द्वारा दी जाने वाली 'वनमाली कथा सम्मान' समकालीन कथा परिदृश्य में लोकतान्त्रिक एवं मानवीय मूल्यों की तलाश में जुटे कथा साहित्य की पुनःप्रतिष्ठा करने एवं उसे समुचित सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित द्विवार्षिक पुरस्कार है। अब तक वनमाली कथा सम्मान से भारत के सुप्रतिष्ठित रचनाकारों में शुमार ममता कालिया, चित्र मुद्गल, शशांक, स्वयं प्रकाश, अखिलेश, असगर वजाहत, उदय प्रकाश, मैत्रेयी पुष्पा, प्रभु जोशी, प्रियंवद, गीतांजलि, मनोज रूपड़ा आदि रचनाकारों को अलंकृत किया जा चुका है। इस अवसर पर 'वनमाली कथा' पत्रिका के 'ताजा अंक' का लोकार्पित किया जाएगा।

### साहित्य पर विमर्श पर होंगे विशेष सत्र

तीन दिवसीय वनमाली कथा सम्मान समारोह पर सम्मानित रचनाकारों के 'रचना पाठ' के साथ–साथ 'युवा पीढ़ी की कथा संवेदना और बदलती भाषा', 'आज की कहानी में स्त्री-स्वर और लैंगिक दृष्टि', 'डिजिटल युग की कहानी–ब्लॉग, इंस्टा स्टोरी, माइक्रो फिक्शन और पॉडकास्ट' तथा 'पाठक परिवर्तन और कहानी की नई प्रासंगिकता' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र होंगे।

### कहानियों का मंचन एवं रंग संगीत

वनमाली कथा सम्मान पर 25 फरवरी को शाम 7 बजे रवींद्र भवन भोपाल में संतोष चौबे की कहानियों का नाट्य मंचन वरिष्ठ नाट्य निर्देशक संजय मेहता के निर्देशन में किया जाएगा। टैगोर नाट्य विद्यालय के छात्रों द्वारा समारोह में रंग-संगीत की सांगीतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।

### ये होंगे सम्मानित

वनमाली कथाशीर्ष सम्मान से अलंकृत होंगी मृद्धुला गर्ग (दिल्ली), वनमाली राष्ट्रीय कथा सम्मान से अलंकृत होंगी वरिष्ठ कथाकार अलका सरावगी (कोलकाता), वनमाली कथा मध्यप्रदेश सम्मान से अलंकृत होंगी वरिष्ठ कथाकार उर्मिला शिरीष (भोपाल), वनमाली कथा आलोचना सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार महेश दर्पण (दिल्ली), वनमाली कथेतर सम्मान के सम्मानित होंगे अयोध्या के यतीन्द्र मिश्र, वनमाली युवा कथा सम्मान से सम्मानित होंगे युवा कथाकार कुणाल सिंह, पहला वनमाली कथा अनुवाद सम्मान जितेन्द्र भाटिया (मुंबई), पहला वनमाली डिजिटल साहित्य अवदान सम्मान अंजूम शर्मा (दिल्ली) को सम्मानित किया जाएगा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## महोत्सव

# लोकनृत्य 'बन्ना रे बाग में झूला डाल्यो' ने किया रोमांचित



**बिलासपुर।** उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान के सांस्कृतिक महोत्सव का समापन मधुरम निकेतन की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। विदित हो कि पिछले चार दिवस से उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में प्राचार्य प्रो मीता मुखर्जी के संरक्षण एवं डॉ सांस्कृतिक प्रभारी अजिता मिश्रा के संयोजन सांस्कृतिक महोत्सव मनाया जा रहा है। सांस्कृतिक महोत्सव के चतुर्थ एवं अंतिम दिवस मधुरम निकेतन ने लोकगीत की सजीव प्रस्तुति से श्रोताओं को जोश से भर दिया इसके बाद सुधा यादव एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत सोहर लोकगीत ने खूब तालियाँ बटोरी। क्वीनी यादव एवं साथियो ने अपने गिद्धा नृत्य से दर्शकों को थिरकने विवश कर दिया किया। नंदराम खांडे एवं साथियों ने पंथी लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। वेदप्रकाश पाटले द्वारा प्रस्तुत मिमिक्री में विभिन्न पक्षियों की आवाज़ निकालकर दर्शकों को सभागार में बैठे-बैठे प्रकृति खुली वादियों में ले गया। वहीं नेहा सोनी एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी महिला लोकनृत्य ' बन्न रे बाग में झूला डाल्यो' ने दर्शकों को रोमांचित करते हुए राजस्थान की सैर करा दी।

# सच्ची भक्ति का फल होता है महान : जया किशोरी

**मिनोचा कालोनी में चल रहा नानी बाई का मायरा व भजन कार्यक्रम**

भक्ति के लिए उम्र की जरूरत नहीं होती है। सनातन धर्म में माता शबरी, सुदामा, नरसी, गोपियां सभी ने छोटे उम्र में ही भक्ति की। भक्ति तो गोपियों जैसी हो। गोपियां भी साधारण जीवन जीती थीं पर बंशी की आवाज से उनमें बदलाव आ जाता था। सांसारिक जीवन त्याग कर बंशी की ओर चली जाती थी। सच्ची भक्ति का फल महान होता है।






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें कथा वाचिका एवं मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने मिनोचा कालोनी में श्री प्रेम सेवा परिवार द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा एवं भजन कार्यक्रम में कही। उन्होंने बताया कि एक तरफ संसार तो दूसरी तरफ बंशी की आवाज रहती है। बंशी की आवाज यानी भक्ति की पुकार होती है। नानी बाई का मायरा की कहानी भगवान कृष्ण की भक्ति और भक्त नरसी मेहता पर आधारित हैं, जिसमें कृष्ण स्वयं मायरा लेकर आते हैं। इसमें भक्ति, हास्य और जीवन की सीख मिलती है। जिसमें नरसी मेहता के अभाव में भी भगवान के आने और रुक्मिणी द्वारा नानी बाई को गले लगाने जैसे प्रसंग शामिल है। यह उनकी सादगी और भक्ति को दर्शाता हैं।

उन्होंने अपने प्रवचन में भक्ति के साथ ही सादगी, धन के अहंकार से दूर रहने और ईश्वर पर विश्वास रखने का संदेश भी दिया। यह कथा भक्त नरसी की अटूट आस्था और भगवान के प्रति समर्पण का एक सुंदर उदाहरण है। उन्होंने जीवन में शिक्षा और संस्कार का महत्व भी समझाया और कहा कि शादी के बाद बेटियों की जिंदगी बदल जाती है। हम किसी की बेटी को खुश रखेंगे तो हमारी बेटी भी अच्छी रहेगी।



### भजनों से माहौल बना आध्यात्ममय

कथा के बीच-बीच में भजनों की प्रस्तुति दी जाती रही। भजन-श्री राधे गोविंदा मन भज ले हरि का प्यारा नाम है.., नंदलाला रे मारा गोपाला, वो बंशी जोर की.., थारो सांवरियो कब आसी..सहित कृष्ण व मायरे से जुड़े भजनों की प्रस्तुति से श्रोता झूमते रहे। माहौल आध्यात्ममय बना रहा।

### भक्त कभी विवाद नहीं करता

जया किशोरी ने कहा कि नरसी एक भक्त था। भक्त अपने कारण कभी भी विवाद नहीं करता है। इंसान जब भगवान की भक्ति में लीन हो जाए तो उसे चारों तरफ भक्ति ही दिखती है। नरसी भी घर से निकल कर जंगल चला जाता है और वहां भगवान की भक्ति में लीन हो जाता है।

### ये हुए आरती में शामिल

कथा आरंभ होने से पहले भगवान की आरती की गई। इसमें बिहारी लाल अग्रवाल, कलेक्टर संजय निकिता अग्रवाल, अशोक प्रेमा अग्रवाल, अशोक अग्रवाल जैन इंटरनेशनल, रामू, दीपक अग्रवाल, शिव अग्रवाल, जय दुर्गा, चंद्रचूड त्रिपाठी, भोला प्रसाद मित्तल, प्रवीण झा, मनीष अग्रवाल, हरिश शाह, गर्वित अग्रवाल, संदीप केडिया, संजय अग्रवाल, सजन अग्रवाल, राजेंदर सुल्तानिया, दिनेश सुल्तानिया कोलकाता सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया।

## सम्मान

# शहर के अभ्युदय को मुंबई में कुकू टीवी अवाड्र्स से किया सम्मानित

**बिलासपुर।** शहर के युवा मुंबई के फिल्मी दुनिया और सीरियल्स में धमाल मचा रहे। गंगानगर निवासी शिक्षक विजय पाण्डेय और शकुंतला देवी के पुत्र अभिनेता अभ्युदय पाण्डेय को मुंबई जुहू के प्रतिष्ठित होटल द नाइंस में आयोजित कुकू टीवी अवाड्र्स 2025 के बेस्ट एक्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। एक्टर अभ्युदय मूलरूप से बेलतरा क्षेत्र के ग्राम डंगनिया निवासी स्वर्गीय पंडित राधेश्याम के पोते है, वे डंगनिया के प्रतिष्ठित रामलीला में राजा दशरथ का किरदार निभाते थे। विरासत में मिले अभिनय को एक्टर अभ्युदय पाण्डेय ने अपने टीवी यह उपलब्धि खास इसलिए भी रही क्योंकि अभ्युदय पांडे ने केवल एक ही सीरीज़ के जरिए बेस्ट एक्टर का खिताब अपने नाम किया। उनकी यह अवार्ड विनिंग सीरीज़ रही, जिसमें उन्होंने रजत वर्मा का दमदार किरदार निभाया और दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी खूब सराहना बटोरी। इसके अलावा अभ्युदय पांडे छोटे पर्दे पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। वे ज़ी टीवी सीरियल के लोकप्रिय शो "हमारा परिवार" में लीड हीरो के रूप में नजर आ चुके हैं। समारोह में फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की।




# नवजात शिशु व बुजुर्गो का ठंड में ध्यान रखना जरूरी

**बिलासपुर।** शहर में लगातार बढ रही कड़ाके ठंड से हर वर्ग कांपने को मजबूर हो जा रहा है। यह बढती ठंड लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव कर रही है, इस ठंड में नवजात शिशु और बुजुर्गो को खासा ध्यान रखना जरूरी है। ऐसे लोग जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, उनके ठंड की वजह से बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है। खासकर बच्चों व बुजुर्गों को इससे समस्या हो सकती है, क्योंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इसी तरह बुजुर्गों की भी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। ऐसे में इस सीजन में इन्हें ठंड से बचाकर रखने की जरूरत होती है। इसलिए ठंड बढ़ने के साथ ही उन्हें हर समय गर्म कपड़े पहनाकर रखें और शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म तासीर वाली चीजों का सेवन कराएं। ऐसा करने से सर्दी लगने की आशंका कम हो जाएगी। बढ़ती सर्दी अपने साथ खांसी बुखार, जुकाम, रुखी त्वचा, एलर्जी जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के साथ इनके लिए सांस की परेशानी या अस्थमा का अटैक, ब्लड प्रेशर और हृदयाघात जैसी गंभीर समस्याएं भी लाती हैं। इनसे बच कर सुरक्षित और स्वस्थ्य रहने के लिए बुजुर्गों को न सिर्फ अपनी दिनचर्या पर बल्कि आहार पर भी विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है।



### बच्चों में हाइफोथर्मियां खतरनाक

चाईल्ड स्पेशलिस्ट डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि ठंड में जन्म से लेकर एक माह तक के बच्चों को बहुत अधिक ध्यान रखना चाहिए। इन बच्चों पर अगर ठंड का प्रभाव पड़ा तो उनके लिए बेहद खतरनाक साबित होता है,बच्चों को ठंड लगने से हाइफोथर्मियां बीमारी होती है,जो की घातक है। इसी तरह डॉ एस बी शक्सेना ने बताया कि बुजुर्गों में रक्तचाप का बढना सामान्य है, रक्तचाप बढने से हृदयाघात व स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है। उम्र ज्यादा हो जाने के कारण बीमारी से लड़ने की शारीरिक क्षमता कम हो जाती है और ठंड का सीधा असर बुजुर्गों के शरीर पर पड़ता है। इसलिए उन्हें खानपान का भी ध्यान रखना है। सर्दी के मौसम में बहुत अधिक तेल मसाले वाले खाने की जगह हल्का व पौष्टिक खाना लेना चाहिए।



### गर्म खाने का करे सेवन

डॉ ने बताया कि ठंड में गर्म खाना ही अवश्य खाना चाहिए। हरी सब्जी, दाल व रोटी का अधिक इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आहार में विटामिन सी वाले फल, अखरोट, तुलसी और हल्दी दूध भी शामिल करें। सब्जियों में एंटीआक्सीडेंट रक्त परिसंचरण में मददगार होते हैं।

# परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल ग्राफिक्स व टॉपिक्स की करवा रहे तैयारी

**बिलासपुर।** 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए स्टडेट्स की थॉरिकल्स व प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी पूरी हो चुकी है। विद्यार्थियों में परीक्षा का प्रेशर कम करने साइंस विषयों की लर्निंग उन्हें कक्षा व प्रयोगशाला में स्पॉट प्रैक्टिकल वर्क, प्रोजेक्ट वर्क और टॉपिक्स से शार्ट प्रश्नोत्तरी तैयार करा पूरी कराया गया है।



इससे साइंस सब्जेक्ट के विद्यार्थियों में पढ़ाई में रुचि, टॉपिक्स को समझने और याद रखने की क्षमता में लाभदायक सिद्ध हुआ है। साइंस की एक टीचर बताती है कि मैं बॉयोलॉजी की टीचर्स हूं, अपने सब्जेक्ट का रिडिंग कक्षा में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की कंप्लीट तैयारी इसी ट्रिक्स से पूरे शैक्षणिक सत्र में कराती हूं। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का मानसिक दबाव या तनाव नहीं रह जाता है। प्रोयोगिक परीक्षा में वाइवा की भी तैयारी कराते हैं। बॉयोलॉजी में डीएनए क्रोमोसोम, इकोसिस्टम, एल्कोहॉल जैसे टॉपिक्स पर स्पॉट प्रैक्टिकल कराया जाता है, ताकि स्टूडेंट्स उस टॉपिक्स को स्वयं करके और देखकर समझें और याद रखें।

इसके अलावा ब्लूप्रिंट, पांच सालों का प्रश्नपत्रों को हल कराना, क्वार्टली व हाफ ईयरली एग्जाम, प्री-बोर्ड परीक्षा, मंथली टेस्ट से रिटर्न वर्क स्टूडेंट्स की परीक्षा को लेकर रही सही कसर को पूरा कर देता है।

## कार्यक्रम

# महिलाओं ने कई रोचक खेल खेले, तिल्ली के लड्डू बांटे



**बिलासपुर।** श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मण्डल शुक्रवार को नववर्ष मिलन समारोह और मकर संक्रांति पर्व का आयोजन सामाजिक कसौंधन भवन करबला में किया। इसमें कई तरह के गेम व हाऊजी का आनंद लिया गया। तिल के लड्डू बांटे गए। इस कार्यक्रम में अध्यक्षा मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता और कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता ने सभी पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों के लिए हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम रखा। इसमें सभी को बिंदी, सिंदूर और तिल का लड्डू वितरित किया गया। कई तरह के गेम और हाऊजी खेले गए। इसके विजेता सविता वीरेंद्र गुप्ता प्रथम, मधु गुप्ता द्वितीय, वंदना गुप्ता तृतीय एवं सपना रिंकू गुप्ता चतुर्थ को पुरस्कार दिया गया। ओके व पंचुअल की विनर रागिनी मुरारी गुप्ता और सीता गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की होस्ट कुसुम साव, चंद्रलेखा साव, प्रिया गुप्ता, अरुणा गुप्ता, शोभा गुप्ता, मुक्ति गुप्ता, ममता गुप्ता, सीमा अशोक गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, महिमा गुप्ता थीं।

## आयोजन

# वसुंधरा ने कराया खेल, विजेताओं को दिए गए आकर्षक उपहार



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा द्वारा नववर्ष के आगमन एवं पवित्र माघ मास के स्वागत में एक भव्य 'स्नेह मिलन एवं धार्मिक समारोह' का आयोजन किया गया। इसमें क्लब सचिव अर्चना तिवारी के नेतृत्व में विभिन्न खेलों और 'तंबोला' का आयोजन किया गया। इसके विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सुधा परिहार के निवास स्थान में भगवान सत्यनारायण की कथा एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजन के माध्यम से क्लब की सदस्यों ने समाज की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। अंत में क्लब ने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया और कहा कि यह कार्यक्रम न केवल क्लब की सदस्यों के बीच एकजुटता बढ़ाने का जरिया बना, बल्कि इसने भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर परिचय भी दिया। कार्यक्रम का मीनू दुबे, दामिनी, अलका तिवारी, अंजना पांडेय, सुषमा तिवारी, भारती देवांगन, हेमलता राजकुमारी, संगीता मिश्रा ने आनंद लिया।

## स्पोर्टर्स न्यूज

# सिंधी प्रीमियर लीग में समाज के युवा दिखा रहे प्रतिभा, 16 टीमें ले रही भाग

**बिलासपुर।** सेंट्रल सिंधी युवा विंग द्वारा आयोजित धीरा सिंधी प्रीमियर लीग के 10वें वर्ष का भव्य उद्घाटन समारोह हुआ। 4 से 11 जनवरी तक मिनी स्टेडियम, गांधी चौक में आयोजित किया जा रहा है,उद्घाटन समारोह की शुरुआत भगवान श्री झूलेलाल की विधिवत आरती के साथ हुई, जिसके पश्चात शानदार आतिशबाजी ने पूरे खेल परिसर को उत्सवमय वातावरण से भर दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में भूपेंद्र सवन्नी, महापौर पूजा विधानी, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष विनोद मेंघानी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय सुनील ओटवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने संबोधन में धीरा सिंधी प्रीमियर लीग के सफल 10 वर्षों की सराहना करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों एवं खिलाड़ियों की खेल भावना की प्रशंसा की। सेंट्रल सिंधी युवा विंग के अध्यक्ष रॉबिन वाधवानी ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए टूर्नामेंट की सफलता की कामना की। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें कुल 208 सिंधी समाज के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर हरिश भगवानी, कमल बजाज, दयानंद तीर्थानी, किशोर गेमनानी, पी एन बजाज, धनराज आहूजा, रमेश लालवानी, श्रीचंद दयालानी, उमेश भावनानी, रूपचंद डोडवानी, अर्जुन तीर्थानी, राजकुमार खुशलानी सहित अन्य लोग शामिल रहे।



# लगातार तीन मैच जीतकर मोनू ग्लोबल की टीम अगले दौर में

स्व. ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता बिलासपुर जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता के ग्यारहवें दिन तीन मैच खेले गए।

पहला मैच मोनू ग्लोबल और स्काई इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच के अतिथि प्रकाश सर्वे,बिरची दास रहे। सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया।

टॉस जीतकर मोनू ग्लोबल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मोनू ग्लोबल की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 126 रन बनाए। 10 ओवरों में 127 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काई इलेवन की टीम 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 72 रन ही बना सकी। इस प्रकार मोनू ग्लोबल की टीम ने यह मैच 54 रनों से जीत लिया।

मोनू ग्लोबल के खिलाड़ी अक्षय को उनके 17 गेंदों में 51 रनों की आतिशी पारी के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। दूसरा मैच मोनू ग्लोबल और रांची स्टार इलेवन के मध्य खेला गया।इस मैच के अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव,जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। मोनू ग्लोबल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करने मोनू ग्लोबल की टीम ने निर्धारित 10 ओवर 3 विकेट खोकर 152 रन बनाए। 154 रन के विशाल लक्ष्य लक्ष्य का पीछा करने उतरी रांची स्टार इलेवन की टीम 10 ओवर मे 6 विकेट खोकर मात्र 87 रन ही बना पायी और मोनू ग्लोबल ने यह मैच 65 रनों से जीत लिया लिया।



### तीन मैच खेले गए

तीसरा मैच मोनू ग्लोबल और आयांश के मध्य खेला गया। इस मैच के अतिथि आदित्य अग्रवाल, पलक जायसवाल, विजय जैन रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मोनू ग्लोबल की टीम ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 145 रन बनाए।10 ओवरों में 146 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयाश इलेवन की टीम 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 86 रन ही बना सकी। मोनू ग्लोबल के खिलाड़ी राहुल निर्मलकर को उनके आल राउंडर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### आज समापन में डिप्टी सीएम साव अभिनेत्री मानुषी होंगी शामिल





स्वर्गीय उषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता गौरवशाली तेरहवाँ वर्ष के फाइनल मुक़ाबले में मुख्य तिथि डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि मानुषी छिल्लर वर्ष 2017 की मिस वर्ल्ड रह चुकी हैं और भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया।

## खबर संक्षेप

### दिनेश बने भाजपा किसान मोर्चा के शहर अध्यक्ष



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जुझारू, कर्तव्यनिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ता दिनेश राजपूत को भाजपा किसान मोर्चा बिलासपुर शहर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। दिनेश राजपूत इससे पूर्व शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में सफल कार्यकाल निभा चुके हैं।

### राज्य स्तरीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**पथरिया।** नगर के समीप ग्राम पंचायत बरछा मे स्व बीरेंद्र पात्रे की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 जनवरी से होगा। प्रतियोगिता के विजेता को प्रथम पुरस्कार 31 हजार रूपए नकद एवं उपविजेता को द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रूपए नकद दिया जाएगा। प्रतियोगिता संयोजक बादल पात्रे एवं अध्यक्ष भूपेंद्र गेंदले रहेंगे।

### मानदेय नहीं मिलने से रसोइयों व स्व सहायता समूहों में आक्रोश

**लोरमी।** मध्यान्ह भोजन की राशि तीन महीने से नहीं मिलने से स्व सहायता समूहों को मध्यान्ह भोजन चलाने में काफी परेशानी हो रही है। शासन की ओर से सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है, जिसका संचालन स्वसहायता समूहों द्वारा किया जाता है। विगत अक्टूबर से दिसंबर तक मध्यान्ह भोजन योजना की राशि समूह को नहीं मिली है, जिसके चलते उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर राशि नहीं मिलने से संचालक मध्यान्ह भोजन बनाने से हाथ खड़ा करते हुए आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। इसी तरह रसोइयों को भी 4 माह से मानदेय नहीं मिला है, जिसके चलते रसोइया संघ में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्व सहायता समूहों एवं रसोईया संघ के जिलाध्यक्ष उमाशंकर अनंत ने शासन से शीघ्र ही राशि उनके खातों में डालने की मांग की है।

## विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, लिए गए निर्णय

# गहमामहमी के बीच आयोजित हुई नपा की सामान्य सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका की सामान्य सभा की बैठक में भाजपा पार्षदों ने नगरपालिका में समान का अभाव बताकर कर्मचारियों द्वारा काम नहीं करने को लेकर नाराजगी दिखी। वहीं भाजपा पार्षद ने ठंड के दिनों में नगरपालिका में अलाव नहीं जलाने पर नाराजगी व्यक्त की। सामान्य सभा की बैठक नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ की उपस्थिति में प्रांरभ हुई।

बैठक में चौपाटी के पास दुकान निलामी के विषय पर निर्णय लिया गया कि, पहले चौपाटी में जो दुकान लगाते हैं उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद निलामी की जाएगी। मंगल भवन के पास दुकान निलाम करने, मोढ़े मार्ग में अम्बेडकर परिसर निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई कि, वर्तमान में स्टे लगा हुआ है, न्यायालय के निर्णय के बाद विचार किया जाएगा। साथ ही निर्णय लिया गया कि, राम सदन परिसर में कार्यक्रम आयोजित होने पर 2 हजार रूपए, शुल्क वहीं सामाजिक धार्मिक एवं शोक कार्यक्रम के लिए निशुल्क रहेगा। मंडी चौक के पास सीमांकन के पश्चात दुकान, नया बस स्टैंड दुकान क्रमांक 17, 20 एवं बुकिंग कार्यालय को निलाम करने का निर्णय लिया गया। नगरपालिक ठेकेदार वीएम कंट्रक्शन द्वारा ठेका लेने के बाद काम नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस देने का निर्णय लिया गया। इसके बावजूद कार्य नहीं करने पर ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही गई। नगरपालिका नवीन कार्यालय भवन, मिनी स्टेडियम, गुप्ता समाज सामुदायिक भवन, ताराचंद तोलानी के घर से ताम्रकार ज्वेलर्स तक रोड़ निर्माण, चौपाटी में परशुराम मूर्ति स्थापित करने, मोढ़े मार्ग के पास वेलकम गेट तैयार करने, वार्ड 14 में बगीचा रोड़ में पुलिया निर्माण, आजाद पारा में मिनी स्टेडियम सहित अन्य कार्य करने निर्णय लिया गया।



### राम सदन के शुल्क पर बहस

नगरपालिका क्षेत्र में राम सदन की निर्माण तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के अथक प्रयास का वजह से हुआ। उन्होंने उद्घाटन के समय इसके निशुल्क उपयोग की घोषणा की थी। नगरपालिका द्वारा जब राम सदन के उपयोग को लेकर शुल्क लगाने की बात कही गई, तब भाजपा पार्षद कोमल सिंह ने इसका विरोध जताया। उन्होंने कहा कि, रामसदन विधायक द्वारा आमजनों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराया गया है, इसमें अगर किसी भी तरह का शुल्क लगाया जाता है तो हमारा विरोध रहेगा। इसके बाद रख रखाव के लिए 2 हजार रूपए का शुल्क तय किया गया।

### सार्वजिक शौचालय का विरोध

पुराना बस स्टैंड में खुराना दुकान के बाजू स्थित गली के अंदर सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने के विषय पर पार्षद इस्लाम अंसारी ने जमकर विरोध दर्ज कराया। आपति के बाद स्थल निरीक्षण का विचार किया गया। उपमुख्यमंत्री ने सामुदायिक भवन के लिए ढाई करोड़ रूपए की घोषणा की थी। नगरपालिका की बैठक में अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, बेलसरी में ढाई करोड़ के भवन के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। उन्होंने कुछ पैसों का अलग-अलग जगहों बने भवनों पर खर्च करने की बात कही। इस पर भाजपा पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने कहा कि, विधायक धर्मजीत सिंह का निर्माण कार्य कराना ड्रीम प्रोजेक्ट है। बिना उनके जानकारी और सहमती से इस पैसे को खर्च नहीं किया जा सकता।

## भैरव बाबा मंदिर में होगा ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



धर्मनगरी स्थित सिद्ध तंत्र पीठ श्री भैरव बाबा मंदिर में आगामी 19 फरवरी को ब्राह्मण बटुकों का निशुल्क उपनयन संस्कार आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिर प्रबंधक पं जागेश्वर अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि, भैरव बाबा मंदिर प्रबंधन की ओर से यह आयोजन हर वर्ष निशुल्क कराया जाता है, ताकि आर्थिक कारणों से किसी भी ब्राह्मण परिवार के बच्चे का संस्कार न रुके। इसी क्रम में इस वर्ष भी वैदिक विधि-विधान से सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि, इस आयोजन में प्रदेश के सभी जिलों से ब्राह्मण परिवार अपने बच्चों के उपनयन संस्कार हेतु रतनपुर पहुंचेंगे। मंदिर प्रबंधन की ओर से बच्चों की पूजा सामग्री, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रत्येक परिवार के 10 सदस्यों के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था भी की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधक पं जागेश्वर अवस्थी के साथ अनेक सहयोगी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आयोजन की तैयारियों में दिलीप दुबे, पं महेश्वर पांडेय, राजेन्द्र दुबे, विक्की अवस्थी, पं राजेश्वर मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, सोनू शंकर, पं कान्हा तिवारी सहित भैरव बाबा मंदिर प्रबंधन से जुड़े अन्य सदस्य विशेष भूमिका निभा रहे हैं। मंदिर प्रबंधन ने ब्राह्मण समाज से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक और सामाजिक सेवा के आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## जानलेवा ब्रेकर से त्रस्त व्यापारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत क्षेत्र में बनाए गए ट्रिपल ब्रेकर अब दुर्घटनाओं, धूल और प्रदूषण का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर सीपत व्यापारी संघ के सदस्यों ने ग्राम कर्रा में आयोजित मिशन जल संरक्षण कार्यक्रम के दौरान मौके पर पहुंचे बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि सीपत मुख्य मार्ग पर बनाए गए ट्रिपल ब्रेकर वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के बजाय खतरा बन चुके हैं। भारी वाहनों, ट्रेलरों और कोल परिवहन से जुड़े ट्रकों की लगातार आवाजाही के कारण यहां तेज धूल उड़ रही है, जिससे पूरा क्षेत्र प्रदूषण की चपेट में आ गया है। व्यापारियों ने बताया कि, ट्रिपल ब्रेकर के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे इंटरलॉक दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही सड़क पर फैली गिट्टी, मिट्टी और अन्य सामग्री ने हालात और भी खराब कर दिए हैं। व्यापारियों ने ग्राम के मध्य बने ट्रिपल ब्रेकर को हटाने या फिर इन्हें गांव के प्रवेश या अंतिम छोर पर स्थानांतरित किया जाने, ट्रिपल ब्रेकर के स्थान पर सिंगल, मानक ब्रेकर का निर्माण करने, धूल नियंत्रण और सड़क की नियमित सफाई की व्यवस्था की जाने की मांग की। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि, यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो जनस्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसका गंभीर असर पड़ेगा।

## बालभारती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

**सीपत।** बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है।




शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत दीनदयाल स्पर्श योजना की द्वितीय-स्तरीय परियोजना कार्य प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई, जिसके अंतिम चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बाल भारती पब्लिक स्कूल के 6 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया। यह परियोजना कार्य रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर, रायगढ़, सरगुजा एवं राजनांदगांव संभाग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अर्शान तनवीर, अनाहिता आजाद, अर्घ्य प्रताप सिंह, कार्तिक गुलाटी, तनमयी ताटिपामुला तथा अन्वित ढांडा शामिल हैं। डाक विभाग एवं संचार मंत्रालय द्वारा संचालित दीनदयाल स्पर्श योजना एक विशिष्ट एवं प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में डाक टिकट संग्रह के प्रति रुचि विकसित करना तथा उनकी शोधपरक सोच, विश्लेषणात्मक क्षमता और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना है। चयनित विद्यार्थियों को 6 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जो उनकी प्रतिभा, अनुशासन और सतत प्रयासों का सम्मान है। विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि, यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, जिज्ञासु प्रवृत्ति और विद्यालय में प्राप्त मार्गदर्शन का सशक्त परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

## बकरी चोरी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**तखतपुर।** तखतपुर पुलिस ने बकरी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से एक बकरा-बकरी एवं बिक्री से प्राप्त 10 हजार रुपए नकद जब्त किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेलसरी निवासी कुंज बिहारी पटेल 39 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उनके घर में बने कोठा का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 7 बकरी-बकरा की चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसी दौरान 9 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि, एक व्यक्ति कुरानकांपा रोड तखतपुर में चोरी के बकरा-बकरी बेचने के लिए ग्राहक की तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ आरोपी की पहचान ग्राम कोसमा निवासी राजाराम सागर 23 वर्ष थाना जरहागांव जिला मुंगेली के रूप में हुई एवं उसने चोरी करने स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 1-1 नग बकरा-बकरी एवं अन्य बकरियों की बिक्री से प्राप्त 10 हजार रुपए नकद जब्त किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



## निधन

### झुमुक लाल कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम ढनढन निवासी झुमुक लाल कौशिक का 70 वर्ष की आयु में 9 जनवरी को निधन हो गया। वे रामकुमार एवं कोमल कौशिक के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम ढनढन में किया गया।

### त्रिवेणी शर्मा



**लगरा।** ग्राम उरतुम निवासी त्रिवेणी शर्मा का निधन 6 जनवरी को हो गया। इनका अंतिम संस्कार उरतुम के मुक्तिधाम में किया गया। वे बोधिन बाई शर्मा की पुत्रवधू एवं चंद्रप्रकाश शर्मा की पत्नी थीं।

### प्रमोदनी तिवारी



**बिलासपुर।** ग्राम बारगांव (कोसला) निवासी प्रमोदनी तिवारी का 8 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बारगांव में 9 जनवरी को किया गया। वे दिलीप तिवारी की पत्नी, प्रवीण तिवारी की मां थीं।

## शराब परिवहन के 3 प्रकरण में 5 आरोपी गिरफ्तार

**3 बाइक सहित 148 पाव देशी व 20 पाव मसाला शराब जब्त**




हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

अवैध रूप से शराब बिक्री व परिवहन करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। 3 प्रकरण 148 पाव देशी एवं 20 पाव मसाला 31.14 बल्क लीटर व परिवहनरत 3 मोटर सायकल जब्त की गई।

पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल निर्देश पर जिले में मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालों के विरूद्व लगातार कड़ी कार्यवाई की जा रही है। इसी क्रम में सरगांव, फास्टरपुर, जरहागांव थाने की टीम एवं सायबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए से अवैध शराब परिवहन के 3 प्रकरण में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फास्टरपु थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी खार बेलसरी रोड में शराब परिवहन करते आरोपी विभीषण उर्फ बाली देवांगन पिता दल्लु उम्र 30 वर्ष निवासी कोसमतरा को को पकड़ कर 38 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 3 हजार 40 रूपए सहित परिवहनरत बाइक सीजी 10 ईई 6247 कीमती 10 हजार रूपए को जप्त किया गया। इसी प्रकार जरहागांव थाना क्षेत्र के ग्राम फरहदा में अधिक मात्रा मे शराब परिवहन करते आरोपी देवचरण साहू पिता लुलुराम साहू उम्र 30 वर्ष व गौतम श्रीवास पिता तातूराम श्रीवास उम्र 43 निवासी फरहदा के कब्जे से 70 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 5 हजार 600 रूपए सहित बाइक सीजी 28 पी–6476 कीमती 40 हजार को जप्त किया गया। इसी क्रम में सरगांव 7 जनवरी को सरगांव खपरी रोड पर शराब परिवहन करते भुनेश्वर यादव पिता देवनाथ उम्र 27 वर्ष व हेमंत कुमार साहू पिता अर्जुन उम्र 34 वर्ष निवासी मोहभठ्ठा को पकड़ कर 45 पाव देशी प्लेन शराब एवं 20 पाव देशी मसाला शराब कीमती 5 हजार 600 रूपए सहित बाइक सीजी 28 एल 6327 कीमती 20 हजार रूपए को जप्त किया गया।

## मंत्री देवांगन ने दी वीबी जीरामजी अधिनियम की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

'वीबीजी-रामजी' अधिनियम को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। उद्योग, वाणिज्य एवं आबकारी मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'वीबीजी-रामजी' अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री श्री देवांगन ने 'वीबीजी-रामजी' विधेयक 2025 पर प्रेस वार्ता कर संबंध में जानकारी दिया।

उन्होने कहा कि, यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसमें 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी। साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था, पारदर्शिता को बढ़ाया गया है, पंचायत स्तर में प्रस्ताव के आधार पर विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि, महात्मा गांधी का भाजपा पूरा सम्मान करती है, महात्मा गांधी अपने समय में हे राम कहा था, इस विधेयक को भी विकसित भारत जी राम जी के नाम पर रखा गया है। जिले के प्रभारी मंत्री के सामने जर्जर सड़कों की स्थिति रखे जाने पर इस संबंध में बताया गया कि, अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

■ डोंगरगढ़-मुंगेली रेल लाइन को लेकर दी जानकारी

### रेल लाइन पर दी जानकारी

डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी रेल लाइन में क्षेत्र की उपेक्षा होने व 8 वर्ष पूर्व में इस लाइन का भूमिपूजन करने के बाद भी काम शुरू नहीं होने पर कहा कि मंत्री देवांगन ने कहा कि, डोंगरगढ़-मुंगेली रेल लाइन के लिए विधानसभा में संकल्प लाकर केन्द्र सरकार के पास भेजा गया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुंगेली विधायक पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, राजीव श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, मुंगेली मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, राकेश साहू, राजेश्वर ठंडन, अशोक निर्मलकर सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजना चिल्हाटी, जिला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-49, मूल आबंटी संयुक्तनाम 1. श्री महेन्द्र कुमार अरोरा पिता स्व.श्री डी.आर. अरोरा 2. श्री रवि प्रकाश अरोरा पिता श्री महेन्द्र कुमार अरोरा, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 05.09.2017 को पंजीकृत किया गया है। श्री महेन्द्र कुमार अरोरा की दिनांक 18.04.2025 मृत्यु हो गई है। मृत्यु पश्चात श्री रवि प्रकाश अरोरा पिता स्व. श्री महेन्द्र कुमार अरोरा, द्वारा अपने पक्ष में एकलनाम नामांतरण कराना चाहते हैं। एकलनाम नामांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के एकलनाम नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/तह./क/2025
बिलासपुर, दिनांक 05.12.2025

ग्राम कुदुदण्ड के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम .... प.ह.नं. 34 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 257/9 रकबा 1000 वर्ग. हेक्टेयर/एकड़ भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक/ आवेदिका मनीष कुमार तिवारी पिता/पति श्री नान्हु प्रसाद तिवारी निवासी 27 खोली विकास नगर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 13.01.2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 05.12.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सकर्रा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम–सकेती तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकेती तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवनारायण उइके पिता स्व. पुनऊ उइके निवासी सकेती तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने पिता स्व. पुनऊ उइके पिता भूखन की मृत्यु स्थान सकेती में दिनांक 15/03/2001 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु, ग्राम पंचायत/नगर पालिक निगम सकेती को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 22/1/26 को अपना आपत्ति–दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति–दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 8/1/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
उप तहसील सकर्रा, तहसील सकरी

**आम सूचना पत्र**

मन के मैं, श्रीमती सरोजनी मांडले उम्र 42 वर्ष पति रामचरण मांडले निवासी ग्राम–व पोस्ट सोंढ़ी (म) थाना व तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) का हूँ।

यह कि मैंने, विक्रेता/भूमि स्वामिनी श्रीमती मधु बोराना उम्र 52 वर्ष पति मुकेश बोराना निवासी विनोबा नगर, बिलासपुर (छ.ग.) वाली के नाम की भूमि ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43, रा.नि.मं., तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में भूमि खसरा नंबर 87/4 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय हो गया है। जिसकी बयाना बतौर राशि दिया जा चुका है। जिसकी रजिस्ट्री आज दिनांक 9/1/2026 से 01 माह के अंदर होना तय हुआ है।

अगर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त वर्णित भूमि की रजिस्ट्री में दावा, आपत्ति हो तो कृपया आज दिनांक 9/1/2026 से एक सप्ताह के अंदर मुझ क्रेता सरोजनी मांडले निवासी ग्राम व पोस्ट सोंढ़ी (म) मोबाईल नं. 9329191665 पंकज मिरे निवासी उसलापुर एवं मोबाईल नं.7974832601 पंकज मिरे से उक्त मोबाईल से संपर्क कर अपना दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

स्थान :– बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक :– 09/01/2026

**क्रेता - नाम - श्रीमती सरोजनी मांडले**
**हस्ताक्षर**
**नाम पंकज मिरे**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सकर्रा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम–सकेती तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकेती तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवनारायण उइके पिता पुनऊ उइके निवासी सकेती तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने बेदीन बाई पति शिवनारायण की मृत्यु स्थान सकेती में दिनांक 27/12/2002 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु, ग्राम पंचायत/नगर पालिक निगम सकेती को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 22/1/26 को अपना आपत्ति–दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति–दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 8/1/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
उप तहसील सकर्रा, तहसील सकरी

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सकर्रा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम–सकेती तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकेती तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवनारायण उइके पिता पुनऊ उइके निवासी सकेती तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने बडे पिता पुनीतराम पिता भूखन की मृत्यु स्थान सकेती में दिनांक 22/7/1984 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु, ग्राम पंचायत/नगर पालिक निगम सकेती को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 22/1/26 को अपना आपत्ति–दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति–दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 8/1/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
उप तहसील सकर्रा, तहसील सकरी

**न्यायालय राजस्व निरीक्षक, मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क/तह./रा.नि./सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 08/01/2026

प्रति,
1. सहदेव पिता लक्ष्मण 2. गोवर्धन 3. अर्जुन, परमेश्वर 4. जीवन

**विषय:** सीमांकन/बटांकन /स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित होने बाबत।

**संदर्भ:** न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक / / तह./ रीडर/2025, बिलासपुर, दिनांक 01/01/2026

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका सहदेव पिता लक्ष्मण निवासी मंगला द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.नं.35, रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 404/3 रकबा 0.0334 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 16/01/2026 को समय 12:00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप :– विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक सरकण्डा**
**तहसील-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय प.ह.नं. 06, रानिमं व तहसील कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन में उपस्थित होने सूचना पत्र**

प्रति,
मेसर्स आल इंडिया सोसाईटी (आवेदक) अरविंद कुमार तिवारी
सरीता शर्मा/राजेश शर्मा, मनीष कुमार/गणेश चंद, पराग अग्रवाल/बजरंग प्रसाद, संतोष कुमार साहू/आर.आर. साहू, आर्ची वर्मा/ प्रेमशंकर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रानीसागर, प.ह.नं. 06 में तहसील व रानिमं कोटा जिला बिलासपुर में न्यायालय तहसीलदार कोटा के ज्ञापन क्रमांक/क/वा/तह/......./कोटा दिनांक ........ के परिपालनार्थ आवेदित भूमि खसरा नं. 126/5 रकबा 0.1130 हे. के सीमांकन नक्शा बंटाकन स्थल निराक्षण की कार्यवाही हल्का पटवारी द्वारा दिनांक 16.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे किया जाना है अतः आप सभी पक्षकारों का नियत तिथि एवं समय में मौके पर आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होना है, अनुपस्थित रहने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**तहसील कोटा**
**जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### माया के बंधन से मुक्ति दिलाती है श्रीमदभागवत कथाः तिवारी



**मोपका।** गोंडपारा शिव मंदिर के पास महिला समिति के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है, जिसके कथा वाचक पं सौरभ तिवारी हैं। उन्होंने कथा के चौथे दिन राजा हरीशचन्द्र और कृष्ण अवतार की कथा का रसपान कराया। उन्होंने बताया कि, राजा हरीशचन्द्र की कथा से यह सीख मिलती है कि, सत्य ही सबसे बड़ा धर्म है एवं सत्य ही ईश्वर है। श्रीराम अवतार व श्रीकृष्ण अवतार की कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि, जब तक मनुष्य माया में फंसा रहता है, तब तक बंधन का अनुभव करता है। वसुदेव जी ने जब तक माया का अनुभव किया, तब तक कारागार के बंधन में थे। जैसे ही भगवान श्री कृष्ण को अपने मस्तक पर धारण किया तो सारे बंधन अपने आप ही खुल गए।

### शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता बनी सरवानी



**दगोरी।** आदर्श क्रिकेट क्लब की ओर से लगातार 31वें वर्ष शीतकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 32 टीमों के प्रतिभागियों ने में भाग लिया।प्रतियोगिता का फाइनल मैच भोटीडीह एवं सरवानी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भोटीडीह ने जीत के लिए 99 रन का लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करते उतरी सरवानी की टीम ने आसानी से जीत दर्ज कर ली। प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच मथुरा भारद्वाज एवं अध्यक्षता जनपद सभापति राजकुमार साहू ने की। साथ ही घनश्याम कौशिक, कृष्ण चंद्र महापात्र, आयोजन समिति अध्यक्ष प्रदीप कौशिक, सरवानी सरपंच निषाद, मथुरा निषाद, समाज सेवी दशरथ सन्नाट, गंगा निर्मलकर, बिंदा यादव, कौशल कौशिक, छन्नूराम निषाद मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 22 हजार 1 रुपए व कप एवं दूसरा पुरस्कार 11 हजार 1 व कप जनपद प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉमेंटेटर बिरेंद्र कौशिक ने किया एव आभार आयोजन प्रमुख राधेश्याम साहू ने व्यक्त किया।

### व्याख्याताओं को दिया गया ब्लूप्रिंट आधारित प्रशिक्षण



**लोरमी।** 5 से 9 जनवरी तक पांच दिवसीय ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण व शिक्षण शास्त्र पर आयोजित व्याख्याताओं का प्रशिक्षण आत्मानंद स्कूल सारधा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार 9 जनवरी को हुआ, जिसमें शिवकुमार लोनिया व्याख्याता पेंड्रा, सुनील शर्मा एबीईओ एवं डीसीडाहिरे बीआरसी लोरमी उपस्थित रहे। शिवकुमार लोनिया ने बताया कि 5 से 9 जनवरी तक आयोजित इस प्रशिक्षण में राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त करके आए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने प्रत्येक विकासखंड से प्रत्येक विषय में जिसमें विज्ञान समूह एवं कला समूह के विकासखंड स्त्रोत व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया। डाइट व्याख्याता शिवकुमार लोनिया सहित सभी अधिकारियों ने कहा कि, ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण के ऊपर प्रशिक्षण काफी प्रभावी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन मिल्लू राम यादव ने किया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड के विज्ञान विषय से 52 तथा कला एवं भाषा समूह से 38 व्याख्याताओं ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर्स शोभाराम यादव, प्रमिला यादव, नौसिम अंजुम, आकाश महोबिया, आनंद भास्कर सुभाष जायसवाल, श्याम सुंदर ध्रुव द्वारा पांच दिवस प्रशिक्षण दिया गया।

### पुरा में श्रीमद देवी भागवत का आयोजन

**तखतपुर।** श्रीमद देवी भागवत पुराण का आयोजन पुरा में 8 से 13 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक पं दुर्गा प्रसाद तिवारी व मुख्य यजमान किरण विनोद कौशिक हैं।

### जेईई व नीट की तौयारी के लिए मुफ्त कोचिंग

**मुंगेली।** जेईई-नीट, बीएससी नर्सिंग-सीयूईटी तथा व्यापम परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रदेश के सभी जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय-अशासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में नियमित रूप से 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत जेईई तथा नीट यूजी की तैयारी करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। डॉ ब्रॉस मास्टर एकेडमी मुंगेली की ओर से ग्रीष्मावकाश में 15 मार्च से 45–75 दिवसीय निशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग डॉ भीमराव अम्बेडकर विद्यालय परिसर में कराई जाएगी। निशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन गूगल फार्म के माध्यम से 5 जनवरी से पंजीयन प्रारंभ है।

---

देर रात रेत का अवैध उत्खनन रोकने पहुंचा था वन अमला

# रेत माफिया का आतंकः वन विभाग की टीम पर किया हमला, वनरक्षक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

करिडोगरी के टोपियांडीह में एक्सकेवेटर ऑपरेटर द्वारा वन विभाग स्टाफ पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें वनरक्षक घायल बताए जा रहा हैं। फिलहाल वन विभाग जांच व कार्रवाई में जुटी हुई है। गौरतलब है कि, देर रात मनियारी नदी में रेत खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं एवं एक्सकेवेटर लेकर नदी में खुदाई करते हैं।

8 जनवरी देर रात वन विभाग को सूचना मिली कि, खुड़िया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम करीडोंगरी बीट मनियारी नदी के कक्ष क्रमांक 495 आरएफ में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर रहे हैं। वनविभाग रेंजर रुद्र कुमार राठौर स्टाफ सहित उक्त स्थल पर पहुंचे एवं एक्सकेवेटर ऑपरेटर को नदी से रेत निकालने से मना किया गया।





घायल वनरक्षक

दल कार्रवाई के लिए आगे बढ़ा, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो गई एवं ऑपरेटर ने वन विभाग स्टाफ पर हमला बोल दिया। हमले में वनरक्षक रामनायण कोल पर चाबी से वार किया गया, जिससे वे घायल हो गए। इसके बाद आरोपी एक्सकेवेटर ऑपरेटर वाहन मौके से लेकर फरार हो गया घायल वनरक्षक को खुड़िया रेंज लाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। वनविभाग ने बताया कि, हमले को लेकर पुलिस चौकी में उक्त मामले रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

#### ऑपरेटर गिरफ्तार

एक्सकेवेटर संदीप घृतलहरे का है, जिसे ऑपरेटर सनत कुर्रे चला रहा था। उसी ने वनरक्षक के ऊपर चाबी से हमला किया एवं घायल कर फरार हो गए। वनविभाग ने कार्रवाई करते हुए ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है।

**- रुद्र कुमार राठौर,** वनपरिक्षेत्र अधिकारी

#### विभाग कार्रवाई में जुटी

रात में अवैध खनन का मामला आया था, जिसमें दबिश देने वनविभाग की टीम पहुंची थी। इसी दौरान ऑपरेटर द्वारा वनरक्षक के ऊपर हमला कर घायल कर दिया गया। मामले में विभाग कार्रवाई में जुटी है।

**- दशांश सूर्यवंशी** एसडीओ

#### वाहन किया जब्त

ऑपरेटर को गिरफ्तार किया गया है, कम बल के कारण महिलाओं ने वाहन की कार्रवाई में बाधा डाली। आगे की महिलाओं के लिए महिला पुलिस की मांग की गई गई है। वाहन को जल्द ही जब्त किया जाएगा।

**-अभिनव कुमार** डीएफओ

---

# धार्मिक स्थल के सामने अवैध चिकन दुकान, ग्रामीण परेशान

### जिला प्रशासन से की गई दुकान को हटाने की मांग



**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत जोंधरा के नया बाजार चौक में मां बिलासा माता की मूर्ति एवं चबूतरा के ठीक सामने अवैध रूप से संचालित चिकन सेंटर को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है।

मामले की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि, ग्राम पंचायत की ओर से कई बार नोटिस जारी करने व केवट निषाद समाज द्वारा कई बार लिखित आवेदन के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। परेशान व आक्रोशित ग्रामीणों के जिला अवैध चिकन दुकान को हटाने की मांग प्रशासन से की है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त चिकन सेंटर सड़क के कोने पर अतिक्रमण कर संचालित किया जा रहा है, जिससे चौक पर आवागमन बाधित हो रहा है। यह मार्ग रायपुर-बिलासपुर एवं बलौदाबाजार को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जहां भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। कई बार 3 से 4 हाइवा वाहनों की कतार लग जाती है, जिससे हरह हर समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही यह भी बताया गया कि, धार्मिक स्थल के सामने मांस की बिक्री होने से धार्मिक आस्था और परंपराओं को ठेस पहुंच रही है। इसके साथ ही चिकन सेंटर से फैलने वाली गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्था से आसपास का माहौल भी खराब हो रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### पंचायत के नोटिस की अवहेलना

पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि, नोटिसों की खुली अवहेलना कर दुकान का संचालन किया जा रहा है, जिससे प्रशासनिक निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, जनपद सदस्य, केवट निषाद समाज एवं समस्त ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि, जनहित, यातायात सुरक्षा एवं धार्मिक स्थल की गरिमा को ध्यान में रखते हुए उक्त अवैध चिकन सेंटर को तत्काल हटवाया जाए।

---

### धान उठाव व मिलिंग कार्य संबंधी दिए गए निर्देश



**मुंगेली।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समितियों से धान का उठाव एवं मिलिंग कार्य को पारदर्शिता के साथ सुव्यवस्थित रूप से एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप संपादित कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के समस्त राइस मिलरों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि, जिले में धान मिलिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, भंडारण अथवा अनियमितता स्वीकार्य नहीं होगी। धान को किसी भी स्थिति में मिल परिसर अथवा अन्य किसी स्थान पर संग्रहित कर नहीं रखा जाए। उन्होंने सभी राइस मिलरों को तत्काल प्रभाव से मिलिंग कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि, वाहन की एंट्री केवल वैध गेटपास जारी होने के बाद ही ली जाए। सर्वर में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने की स्थिति में वाहन को रवाना नहीं किया जाएगा। धान परिवहन के दौरान यदि वाहन का टायर पंचर होता है, अथवा वाहन में कोई तकनीकी खराबी आती है, तो उसकी फोटो सहित सूचना तत्काल कमांड सेंटर को अनिवार्य रूप से देना होगा। उन्होंने कहा कि, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पूर्णतः ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संचालित की जा रही हैं, ऐसे में सभी संबंधित एजेंसियां एवं राइस मिलर गंभीरता, जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें। ऑनलाइन स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में किसी भी प्रकार का अंतर पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु घासीदास के संदेश आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

सतनाम धर्म के प्रवर्त्तक गुरु घासीदास बाबा की 270वी जयंती पर शुक्रवार को नगर पंचायत में सतनामी समाज की ओर से जयंती उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ जिपं सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव उपस्थित रहे।

श्री कौशिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा गुरु घासीदास के छाया चित्र और जैतखाम की पूजा अर्चना के साथ की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के महान संत गुरु घासीदास बाबा के विचार आज ज्यादा प्रासंगिक हैं। हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए जीवन को सफल बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा ने सैकड़ों वर्ष पहले अवतरित होकर मानव जीवन जीने और उसे मोक्ष तक ले जाने का जो मार्ग बताया है,वो आज ज्यादा प्रासंगिक लगते हैं। बाबा के द्वारा प्रमुख रूप से दिए गए संदेश मनखे मनखे एक समान आज सामाजिक समरसता , समानता और जनकल्याण का आधार बना है। उनके उपदेश हमारा मार्गदर्शन करते हैं। बाबा के आशीष से हमारा राज्य सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन रहा है। नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, जनपद अध्यक्ष चित्ररेखा जांगड़े ने समाज की महिलाओं से बाबा के विचारों को साझा करते हुए उनके विचारों से परिवार को संस्कार देने की बात कही। उपाध्यक्ष मनोज पांडेय और विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव ने बाबा के अवतरण समारोह में आये सामाजिक महिला पुरुषों से सत्य के मार्ग पर चलकर समरसतापूर्ण समाज बनाने का आह्वान किया। आयोजन समिति के प्रमुख रविन्द्र बघेल ने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश यादव, जिला मंत्री रिंकू सिंह, संजय वर्मा, अभिलाष त्रिवेदी, जसपाल छाबड़ा, बलराम केसवल, मेला राम डनसेना, मोनिका ओमू दिवान, इंद्रजीत यादव सभापति जगदीश वर्मा, मनीष यादव, राजेन्द्र साहू, लोकेश साहू, रामरतन राजपूत, हरिचरन धृतलहरे, शिवशंकर बर्मन, सुखदेव वर्मा, रामेश्वर वर्मा, भास्कर राजपूत, महेंद्र गुप्ता, अशोक निर्मलकर उपस्थित रहे।



#### दिन भर चले विविध

जयंती उत्सव में दिन को बाबा गुरु घासीदास के जीवन पर आधारित नाटक, प्रवचन, कविता, भाषण, गायन, वादन आदि प्रस्तुत किया गया। मच संचालन जितेंद्र गेंदले द्वारा किया गया। क्षेत्रभर से आए युवाओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रात्रि में विशेष प्रस्तुति के लिए रंग छत्तीसा लोक नाट्य की गायिका पूनम तिवारी ने लोकगायन से सबका मन मोह लिया।

### उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**बिल्हा।** संकुल कन्या बिल्हा के तत्वावधान में जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत बिल्हा अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे, पार्षद मोहन ढोरिया एवं सहायक विखं शिक्षा अधिकारी सुनीता ध्रुव अतिथि के रूप में शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे ने सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि, शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं, और पदोन्नति के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से समाज के नवनिर्माण के लिए एकजुट होकर बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले पदोन्नति प्राप्त प्राचार्य व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में आत्मानंद बिल्हा के प्राचार्य चंद्रभान सिंह ठाकुर, सूरजमल उमा बिल्हा की प्राचार्य संगीता कुशवाहा तथा शासकीय उमा विद्यालय अमलडीहा के प्राचार्य जोसेफ खलखो शामिल रहे। इसके साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला बोदरी की प्रधान पाठक राजकुमारी कुर्रे और शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा के सहायक शिक्षक धर्मेंद्र ठाकुर को भी उनकी विशिष्ट सेवाओं और पदोन्नति के लिए अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में बेदराम साहू प्रधान पाठक भटगांव, डॉ डी एन यादव सीएसी हरदीकला, राकेश शुक्ला सीएसी दगौरी, एमएम मिंज, देवेंद्र शुक्ला, मुरारी कौशिक, अश्वनी कौशिक, साधराम मरकाम, रेखा गायकवाड़, रेखा साय, मीना डहरिया, उपेंद्र एलन, संकुल के समस्त शिक्षक और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केशव वर्मा सीएसी कन्या बिल्हा एवं आभार व्यक्त कलेश्वर साहू ने किया।

---

### वैज्ञानिक खुराना की वर्षगांठ पर गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय मूल के प्रसिद्ध अमेरिकी जैव रसायनज्ञ डॉ हरगोविंद सिंह खुराना की 104वीं वर्षगांठ पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ प्राची सिंह एवं मुख्य वक्ता राजेश कुमार घोसले विभागाध्यक्ष प्राणि शास्त्र रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक मदन लाल कश्यप एवं संचालन जितेंद्र कुमार शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता राजेश कुमार घोंसले ने कहा कि डॉ हरगोविंद खुराना का जन्म 9 जनवरी 1922 को अविभाजित भारत के मुल्तान जिले के रायपुर गांव वर्तमान पाकिस्तान में हुआ था। आज हम उनकी 104 वीं वर्षगांठ पर आनुवंशिकी के क्षेत्र में उनके क्रांतिकारी कार्य के उन्हें याद कर रहे हैं। उन्होंने जेनेटिक कोड को डिकोड करने और पहला कृत्रिम जीन बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर प्राध्यापक प्रेमा केरकेट्टा, सुरेंद्र कुमार तिग्गा, अविनाश राठौर, डॉ शशांक शर्मा, डॉ डेजी रानी दिवाकर, मनोरमा भास्कर, डॉ डिंपल बंजारा, डॉ मधु यामिनी सोनी, नीतू राजपूत, विनीता साहू, वीरेन्द्र देवांगन एवं कार्यालयीन कर्मचारी बलराम यादव, जगन्नाथ जांगड़े, अश्विनी चंद्राकर, इंदु बाला बंजारे, सुशीला अनंत, कलावती सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

### ऊर्जा बचत एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने कार्यक्रम


**मुंगेली।** ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर क्रेडा द्वारा रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत प्रदेशभर में ऊर्जा संरक्षण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले भर में ऊर्जा बचत एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा शैक्षणिक स्टाफ ने ऊर्जा संरक्षण की शपथ लेकर देश को हरित ऊर्जा से समृद्ध राष्ट्र बनाने में सहयोग का संकल्प लिया। शपथ कार्यक्रम का आयोजन नवीन कन्या महाविद्यालय मुंगेली, जे.पी. मिश्र महाविद्यालय मुंगेली तथा शासकीय महाविद्यालय सरगांव में किया गया। वहीं लोरमी विकासखंड के शासकीय विद्यालय डोंगरिया, गोंडवाही, झाफल, चंदपुर, बरमपुर, खपरिखुर्द, चंदेली, सारधा, पटरीकापा एवं शासकीय सेजेस लोरमी में भी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकीय स्टाफ द्वारा ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में ऊर्जा की बचत, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान में लोरमी विकासखंड की खंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले सहित शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टाफ शामिल हुए।

# लाठी-डंडे से पीट कर किसान की हत्या, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम बांधा में जमीन विवाद को लेकर अपने चाचा की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मामले में पुलिस ने पांच संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लाश को पीएम के बाद शव को परिजनों को सौपा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 जनवरी सुबह लगभग 10 बजे थाना लालपुर में सुखदेव कश्यप पिता रामकुमार कश्यप निवासी ग्राम बांधा ने रिपोर्ट दर्ज कराई, कि उसके चाचा अयोध्या अपने बेटे, भाई एवं अन्य साथियों के साथ जमीन विवाद को लेकर उसके पिता रामकुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए कर लाठी-डंडे से बेरहमी से मारपीट कर दी, जिससे रामकुमार की मौत हो गई। पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची, जहां परिजनों ने बताया कि, रामकुमार पिता पिता सीताराम कश्यप 60 वर्ष अपने खेत में काम कर कर रहा था, उसी दौरान रिश्ते का भतीजा अयोध्या कश्यप एवं रामफल कश्यप अन्य साथियों के साथ उसके ऊपर ताबड़तोड़ लाठी-डंडे से वार कर दिया। पुलिस ने प्राथी की रिपोर्ट पर हत्या का अपराध दर्ज कर शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने संदेहियों को हिरासत लेकर पूछताछ कर रही है।



#### विवेचना चल रही

हत्या का जुर्म दर्ज कर 5 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस विवेचना में जुटी है, जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

**– हरविंदर सिंह,** एसडीओपी

---

प्रदेश सरकार की नीतियों को बताया जनविरोधी

# युवा कांग्रेस ने सड़क पर प्रदर्शन कर सौंपा 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिला युवा कांग्रेस ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के बैनर तले पेंड्रा के सेमरा तिराहे पर 'हल्ला बोल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार पर जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा तथा जिला अध्यक्ष अमन शर्मा ने किया। सेमरा तिराहे पर सभा के बाद कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने के लिए आगे बढ़े, लेकिन पुलिस प्रशासन ने पहले से ही बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इसके चलते प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बन गई। घेराव के प्रयास के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड हटाने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान हल्की झड़प भी देखने को मिली। पुलिस कार्रवाई से नाराज युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कुछ समय तक सेमरा तिराहे पर यातायात भी प्रभावित रहा। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि, जिले की सड़कों की हालत बेहद खराब है, धान खरीदी व्यवस्था में भारी अव्यवस्थाएं हैं और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि, प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। आकाश शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि, सरकार को अभी केवल दो वर्ष ही हुए हैं, यदि समय रहते जनता की आवाज नहीं सुनी गई तो युवा कांग्रेस विधानसभा से लेकर रायपुर तक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, युवाओं और किसानों की अनदेखी की जा रही है और शासन-प्रशासन जनहित के मुद्दों पर गंभीर नहीं है।



### भाजयुमो जिलाध्यक्ष व महामंत्री का स्वागत

**मल्हार।** भाजपा के नवनियुक्त भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी व महामंत्री भाजयुमो अंकुर सिंह का बुधवार को प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने आतिशी स्वागत किया। दोनों बाइक रैली के साथ नगर के मुख्य मार्ग होते हुए मां डिडनेश्वरी मंदिर पहुंच कर मत्था टेका एवं आशीर्वाद लिया। साथ ही स्कूल चौक में बने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के बीच परिचय एवं संवाद कार्यक्रम रखा गया। महामंत्री अंकुर सिंह ने कार्यकर्ताओं के बीच आकर अपनी और कार्यकर्ताओं के बीच किसी प्रकार की कोई दूरी नही होने की बात कही, वहीं ऋषभ चतुर्वेदी ने कहा कि, मैं एक सामान्य सा कार्यकर्ता ही हूं, जो आज इस दायित्व तक पहुंचा हूं। आप भी सच्ची श्रद्धा और निष्ठा से पार्टी के प्रति कार्यरत रहकर उच्च शीर्ष तक पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह महामंत्री रिहित कश्यप, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, पूर्व मंडल महामंत्री धर्मेंद्र कोशले, मंडल उपाध्यक्ष लोकनाथ बंजारे, राजकुमार वर्मा, पार्षद कमलेश सिंह, रमेश यादव, रामफल कांत, मिलु कैवर्त, रंजन साहू, मनराखन कैवर्त, प्रमोद थवाईत, आकाश कैवर्त, राकेश सिंह, रोहित वर्मा, टिंकू चौबे, ननका पाण्डेय अजित पटेल, अजय कैवर्त, सूर्या घृतलहरे, प्रशांत यादव, रामकमल साहू, प्रिंस रजक, रितेश साहू, दीपक वर्मा, प्रमोद धिवर, लोकनाथ निषाद एवम अन्य युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### व्यापारी से 50 हजार की ठगी, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** व्यापार विहार इलाके के सुमंगला अपार्टमेंट में रहने वाले 60 वर्षीय बुजुर्ग से 50 हजार की राशि की ऑनलाइन ठगी की गई है। तारबहार पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। तारबहार पुलिस के अनुसार सुमंगला अपार्टमेंट में रहने वाले जुगल किशोर मुंदड़ा ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी की शाम उनके मोबाइल नंबर में 50 हजार की राशि डेबिट होने का मैसेज प्राप्त हुआ। उन्हें रूपए निकाले जाने की जानकारी मिली। दूसरे दिन उन्होंने अपने बैंक से संपर्क किया इस दौरान उन्हें ऑनलाइन के माध्यम से रूपए कटने की जानकारी मिली, जिसके बाद बुजुर्ग ने तारबहार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### चेकिंग के दौरान बाइक सवार ने जवान को रौंदा

**बिलासपुर।** चकरभाठा थाना क्षेत्र के हिर्री माइंस के पास वाहन चेकिंग के लिए पुलिस के जवान लगे थे। इस दौरान जवान श्रीकांत मिश्रा बिना हेलमेट के बाइक चला रहे लोगों को बाइक रोकने की हिदायद दे रहे थे। इस दौरान तेज और लापरवाहीपूर्वक बाइक सवार ने उन्हें रौंद दिया। दुर्घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई, पुलिस कर्मियों ने घायल जवान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल मामले में जुर्म दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस के अनुसार घायल जवान श्रीकांत मिश्रा बिना हेलमेट के बाइक सवार को सड़क पर रोक चालानी कार्रवाई में मदद करने की हिदायद दे रहे थे। इस दौरान अज्ञात बाइक सवार तेजी से आया और उसे रोकने के दौरान श्रीकांत पर ही बाइक चढ़ा दी। जिससे जवान श्रीकांत का पैर बाइक के चक्कों में फंस गया। हादसे में घायल जवान को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल के ठीक होने के बाद जुर्म दर्ज कर बाइक सवार पर कार्रवाई की जाएगी।

### आटो चालक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** सरकंडा अरविंद नगर के पास घर जा रहे बुजुर्ग को आटो चालक ने टोकर मार दी। हादसे में घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। बुजुर्ग के नाती विनय कुमार ने सरकंडा थाने में आटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवम होम्स कालोनी में रहने वाले विनय कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके नाना घनश्याम प्रसाद निर्मलकर अपने घर अरविंद नगर सरकंडा जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार आटो क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 3398 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए बुजुर्ग को ठोकर मार दी। जिससे बुजुर्ग को गंभीर चोट आई है और उन्हें प्रताप चौक स्थित केयर एवं क्योर अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** कमजोर और गंभीर हालत में 2 जनवरी को भर्ती कराए गए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर युवक के परिजनों की तलाश कर रही है। मामला तारबहार थाना का है। मामले के अनुसार रेलवे स्टेशन के पास स्थित सांई मंदिर के सामने बीतने कुछ दिनों से एक युवक काफी गंभीर हालत में रह रहा था, उसकी हालत खराब थी, आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी डायल 108 को दी। पुलिसकर्मियों ने 2 जनवरी को उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया था, गुरूवार को युवक की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार इलाज के दौरान युवक ने अपना नाम मनोज कुमार विश्वकर्मा पिता गांधी विश्वकर्मा उम्र 30 साल बताया था, वह जैतपुर शहडोल का रहने वाला था और कई सालों से रेलवे क्षेत्र में रह रहा था और भीख मांग कर गुजर बसर करता था। युवक की मौत के बाद पुलिस ने शहडोल पुलिस ने युवक के संबंध में जानकारी मांगी है, लेकिन अबतक कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने आम लोगों से युवक के परिचय को लेकर पतासाजी करने की अपील की है और इस संबंध में जानकारी मिलने पर तारबहार थाना से संपर्क किया जा सकता है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**आनलाइन टैक्स व्यवस्था दुरुस्त करने फिर कवायद** | पहले पोर्टल में पेमेंट में कई समस्याएं सामने आ रहीं थीं

# पोर्टल पर प्रापर्टी आईडी या नाम अथवा वार्ड नंबर की एंट्री करनी होगी

**बिलासपुर।** आनलाइन टैक्स की व्यवस्था को दुरुस्त करने निगम ने एक बार फिर कवायद की है। निगम का दावा है कि उसके द्वारा तैयार किए गए पोर्टल https: // nigambilaspur. com /ptis/ पर क्लिक करके अपने बकाया टैक्स का भुगतान कर सकते हैं।

दरअसल निगम ने इससे पहले जो एप तो लांच किया है, लेकिन उससे पेमेंट में कई समस्याएं सामने आ रहीं थीं। कुल एक लाख 30 हजार लोगों में से पिछले साल सिर्फ 34 हजार लोगों ने ही इस सुविधा को अपनाया था जो कि सिर्फ 27 प्रतिशत ही है। पांच साल पहले हुए इस आनलाइन सुविधा की जगह आज भी लोग ऑफलाइन यानी निगम दफ्तर जाकर ही टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। वेबसाइट, यूपीआई और ऑनलाइन भुगतान के




अलग-अलग विकल्प के बावजूद लोग मार्च यानी साल के आखिरी दिनों में निगम दफ्तर जाकर कतार में खड़े होते हैं।

अब निगम ने कहा है कि करदाता को पोर्टल https:// nigambilaspur .com /ptis/ में अपनी प्रापर्टी आईडी या नाम अथवा वार्ड नंबर की एंट्री करनी होगी। जिसके बाद उसकी प्रापर्टी और टैक्स की पूरी डिटेल आ जाएगी, जिसे आनलाइन जमा करने के बाद उन्हें पावती पीडीएफ के रूप में मिलेगी,जिसे वें प्रिंट करा सकेंगे या डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख सकेंगे। निगम ने कहा है कि पोर्टल के ज़रिए पेमेंट प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके अलावा इसके लिए निगम एक विशेष वॉट्सऐप नंबर 91 88157 82574 है। उस नंबर को मोबाइल में सेव करने के बाद केवल 'हाथ' या 'नमस्ते' लिखकर मैसेज भेजना होगा। इसके जवाब में ऑटोमेटेड रिप्लाई आएगा, जिसमें विभिन्न सेवाओं की सूची होगी।

नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार विकल्प चुनकर प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। यह चैटबॉट एआई और मेटा की तर्ज पर काम करता है।

### शहर में एक लाख 30 हजार करदाता

ज्ञात हो कि बिलासपुर निगम में संपत्तिकर भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। संपत्तियों के सर्वे के बाद हर मकान की प्रॉपर्टी आईडी बनाई गई और लोगों की जानकारी ऑनलाइन अपडेट की गई। अभी भी बमुश्किल से 27 प्रतिशत के आसपास लोग ही ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर रहे हैं। यहां लोगों का कहना है कि संपत्तिकर की रसीद एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। लोगों को सालों से इसकी हार्ड कॉपी संभालकर रखने की आदत है। ऑनलाइन माध्यम में डिजिटल पावती मिलती है। यह गुम हो जाने पर दिक्कत होती है। इसलिए लोग अभी भी निगम दफ्तर जाना पसंद कर रहे हैं।

### हर सप्ताह होगी वसूली की मानिटरिंग

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने शुक्रवार को सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी लगभग ढाई महीने शेष है,जिसमें वसूली की शेष राशि को समय के पहले पूर्ण करें। निगम कमिश्नर ने कहा कि सभी जोन और आरआई का साप्ताहिक लक्ष्य किया जाएगा और राजस्व वसूली की समीक्षा हर सप्ताह की जाएगी। राजस्व वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी आरआई, एआरआई के लिए नया आईकार्ड बनवाने और उसे अनिवार्य रूप से पहनने के भी निर्देश दिए गए हैं।

डेढ़ साल पहले बोदरी में 5 करोड़ में बनी थी एयरपोर्ट लिंक रोड

# पाइप लाइन बिछाने खोद दी गई पूरी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा मेन मार्केट की भारी भीड़ में एयरपोर्ट जाने वालों का समय व्यर्थ न हो इसे ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा पांच करोड़ रूपए की लागत से बाईपास सड़क बनाई गई थी। इस सड़क को अभी बमुश्किल डेढ़ साल ही हुए हैं और पाईप लाईन डालने के नाम पर पूरी सड़क खोद दी गई। मजेदार बात यह है कि इस सड़क को खोदने के लिए लोक निर्माण से किसी तरह का एनओसी नहीं लिया गया है।

बिलासपुर-रायपुर मेन रोड पर हॉटल सेंट्रल पाईंट के ठीक बाजू से एयरपोर्ट लिंक रोड के नाम से एक सड़क बनाई गई थी, जो राधाकृष्ण मंदिर चकरभाठा के ठीक सामने निकाली गई थी। 4 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से अप्रैल 2024 में बनाई गई इस सड़क की हालत डेढ़ साल में ही दयनीय नजर आ रही है। पाईप लाईन बिछाने के नाम पर सड़क का एक हिस्सा पूरा का पूरा खोद दिया गया है। सवाल यह है कि अगर इस मार्ग पर पाईप लाईन बिछाना प्रस्तावित था तो सड़क का एक हिस्सा पहले ही नहीं बनाना था। दोनों ओर से अवरोधक लगाकर आम लोगों की आवाजाही पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाकर जेसीबी से खुदाई न केवल स्थानीय लोगों को परेशान कर रही है, बल्कि सरकार के करोड़ो रूपए की बर्बादी भी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि चकरभाठा मेनरोड पर मुख्य बाजार स्थित होने एवं वाहनों की भारी भीड़ इस मार्ग पर होने के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती थी।






जिससे एयरपोर्ट जाने वालों को निर्धारित समयावधि में पहुंचने में दिक्कत होती थी। इसे ध्यान में रखकर शासन द्वारा एक लिंक रोड बनाने का निर्णय लिया गया था, जो मुख्य बाजार के बाहर से गुजरती हो व बगैर किसी बाधा के एयरपोर्ट तक पहुंचने में मददगार हो। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क तो बना दी गई, लेकिन स्थानीय लोगों लंबे समय तक इसका लाभ मिल पाता इसके पहले ही खोद भी दी गई है।

### काफी चुनौतियों के बाद बनी थी सड़क

इस सड़क के निर्माण के दौरान काफी चुनौतियां आई थीं। चकरभाठा स्थित राधाकृष्ण मंदिर के सामने सड़क की शुरूआत से ही काफी अतिक्रमण था, जिसकी तोड़फोड़ को लेकर काफी दिक्कतें आई थीं। जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा बीच का वैकल्पिक रास्ता निकालते हुए आवश्यकतानुसार अतिक्रमण हटाकर सड़क का निर्माण कराया गया था। अभी इस सड़क का उपयोग करते डेढ़ साल भी नहीं हुआ है और इसकी दुर्गति होनी शुरू हो गई।

### दिया जाएगा नोटिस

नई सड़क है। अगर यहां किसी भी तरह का काम करना है तो पहले विधिवत एनओसी लेना पड़ेगा। सब इंजीनियरों से इस संबंध में जानकारी ले लेते हैं। अगर बगैर सूचना या जानकारी के सड़क खोदी गई है तो नोटिस जारी किया जाएगा।

**-सीएस विंध्यराज,**
ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

# कब्जा हटाकर 67 परिवारों को शिफ्ट किया गया इमलीभाठा




अतिक्रमण हटाता निगम का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा के इंदिरा विहार के पास कच्चा मकान बनाकर झुग्गी झोपड़ी में जीवन यापन करने वाले परिवारों को खुद का पक्का मकान मिल गया है,नगर निगम द्वारा आज 87 परिवारों का व्यावस्थापन इमलीभाठा स्थित पक्के मकान में किया गया है। इसके लिए इमलीभाटा में तीन ब्लॉक का नया आवास बनाया गया है। इस अभियान के साथ ही शहर की एक और बेशकीमती शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त हो गई है।

■ बरसों से काबिज थे लोग

दरअसल इंदिरा विहार के बाजू में बंधवापारा शुरू होने के पहले लगभग पौने दो एकड़ शासकीय जमीन में लोग अवैध रूप से कब्जा करके झुग्गी झोपड़ी बना लिए थे, जिसे बंसोड़ मोहल्ले के नाम से जाना जाता है। इन सभी परिवारों को झुग्गी झोपड़ी से निजात दिलाकर प्रशासन प्रधानमंत्री आवास में व्यवस्थापन किया जा रहा है। सड़क किनारे शासकीय जमीन में कब्जा करने से व्यवस्थित विकास और पानी निकासी में बहुत बड़ी बाधा थी। इन परिवारों को पक्का मकान मिलने से बहुत बड़ी राहत मिलेगी,बारिश और ठंड के मौसम में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगा और जीवन स्तर में बदलाव आएगा।

### मकान के लिए आबंटन पत्र जारी

इन परिवारों को सबसे पहले 13 सितंबर 2025 को नोटिस दिया गया था,जिसके बाद लगातार संपर्क कर और नोटिस के जरिए स्वयं से जमीन खाली करने और पीएम आवास में शिफ्ट के लिए तैयार किया गया। कार्रवाई के पूर्व ही इन परिवारों को आवास के लिए आबंटन पत्र जारी कर दिया गया था। बंसोड़ मोहल्ले के 87 परिवारों की शिफ्टिंग के बाद उनके द्वारा बनाए गए अवैध कच्चे मकान को निगम ने तोड़ दिया है।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने सील की लॉज


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर में महामाया मंदिर के पास स्थित अतिथि लॉज को पुलिस ने शुक्रवार को सील कर दिया है। चेकिंग के दौरान पहुंची पुलिस ने लॉज में रूकने वाले लोगों की जानकारी मांगी, लेकिन इस दौरान रजिस्टर सही नहीं होने और आंगतुकों के परिचय पत्र और आधार कार्ड नहीं रखने के कारण लॉज पर कार्रवाई की है।

रतनपुर टीआई निलेश पांडेय ने बताया कि रतनपुर बस्ती में अतिथि लॉज है। रूटिन चेकिंग के लिए पुलिस लॉज में पहुंची थी, इस दौरान आने-जाने वालों का रिकार्ड खंगाला गया। मौके पर एक महिला और दो भाई-बहन मिले, इस संबंध में रिकार्ड मौजूद थे लेकिन पूर्व के दिनों में आए लोगों के आधार कार्ड और परिचय पत्र नहीं मिले हैं। साथ ही रजिस्टर भी ठीक तरह से मेंटेन नहीं किया गया था, यह गंभीर लापरवाही है। लॉज में लोगों से लिए जाने वाली राशि और रसीद भी नहीं मिली है। जिसके बाद संदिग्ध प्रतीत होने पर लॉज सील किया गया है।




शुक्रवार को रतनपुर में कार्रवाई करती पुलिस।



लॉज को किया गया सील।

### 3 साल पहले हुई थी शिकायत

जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि लॉज मालिक देव कुमार थवाईत हैं और 3 साल पहले स्थानीय लोगों के द्वारा लॉज में संदिग्ध गतिविधि होने की शिकायत की गई थी। इस बारे में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। सूत्रों के अनुसार लॉज को ओयो की तरह भी उपयोग किया जा रहा था, लेकिन पुलिस इस बारे में कहने से बच रही है।

# वीडियो वायरल की धमकी दे रहा था युवक, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएससी की कोचिंग कर रहे युवक ने पहले प्रेम जाल में फंसाकर युवती का फोटो और वीडियो बना लिया, इसके बाद ब्लैकमेलिंग कर उसे तंग करने लगा। युवती ने अपनी फरियाद पुलिस से की है, जिसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। मामला में अपराध दर्ज नहीं किया गया है।



■ पहले प्रेम जाल में फंसाकर युवती का वीडियो बनाया

सूत्रों के अनुसार सरकंडा में रहने वाला कृष्णा टेकाम उम्र 20 वर्ष पीएससी की पढ़ाई कर रहा है। इस दौरान उसने एक युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। दोनों एक दूसरे को पसंद भी करते थे, लेकिन इस दौरान निजी वीडियो और फोटो युवक के हाथ लग गई जिसके बाद वह युवती को गलत प्रयोजन से तंग करने लगा।

युवती ने इसकी शिकायत सिटी कोतवाली थाने में की है, पुलिस ने शुक्रवार को युवक को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों एक साथ ही पीएससी की कोचिंग कर रहे थे, जहां उनकी नजदीकी बढ़ी थी लेकिन युवक ने युवती पर जबरिया दबाव डालकर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था।

# जुआ खेलते सात जुआरी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने लॉवर तालाब के पास रूपए के दांव लगाकर खेल रहे 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई मस्तूरी थाना द्वारा की गई है।

■ 10 हजार रुपए जब्त

पेट्रोलिंग पार्टी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि लॉवर तालाब के पास कुछ लोग 52 पत्ती ताश के सहारे रूपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। इस दौरान पुलिस ने बल लेकर घेराबंदी की और 7 जुआरी से 10100 रुपये नगद व 52 पत्ती ताश जब्त कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने सिरगिट्टी के लखेश्वर साहू पिता स्व. द्वारिका साहू उम्र 34 वर्ष, गोड़पारा निवासी देवेंद्र सोनी पिता लल्लू सोनी उम्र 52 वर्ष, अशोक नगर निवासी भरत जायसवाल पिता बिहारी जायसवाल उम्र 39 वर्ष, पोड़ी सिरगिट्टी निवासी रामकुमार केंवट पिता स्व. राजाराम केंवट उम्र 43 वर्ष, पोला राम पिता दुखीराम पाल उम्र 64 वर्ष, मस्तुरी निवासी फेकूराम साहू पिता दुलारी राम साहू उम्र 50 वर्ष, राजू साहू पिता महेश राम साहू 39 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

# महिला को सुपुर्द किया 50 हजार रखा बैग

**बिलासपुर।** जीआरपी ने जनशताब्दी में सफर कर रही महिला यात्री के 50 हजार रुपए बैग की खोजबीन करने के बाद सुपुर्द कर दिया है।



जानकारी के अनुसार नर्मदा नगर मंगला चौक निवासी एआर पिल्ले 74 साल जनशताब्दी एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। सफर के दौरान श्री पिल्ले अपना बैग कोच में भूल गए। उनका बैग ट्रेन में सफर कर रही रायगढ़ खरसिया निवासी सुमन खूंटे पिता परमानंद खूंटे 21 साल के बैग से बदल गया था। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने तत्काल खोजबीन करते हुए महिला और पुरुष यात्री को बैग सुपुर्द किया, जिसमें 50 हजार रुपए रखे हुए थे।

